## न्यूज ब्रीफ

### सीओ सिटी ने थाना प्रभारियों की बैठक ली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सीओ सिटी पंकज पंत ने बड़े लाट साहब के जूलूस को लेकर कोतवाल परिसर में थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों की मीटिंग ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन संवाद स्थापित कर शांति, सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखने की अपील करने तथा जुलूस के दौरान किसी भी समस्या का सूचना अधिकारियों को तुरंत दे। कानून व्यवस्था बनाए रखने, सतत निगरानी रखने एवं आपसी समन्वय के साथ डियूटी का निर्वाहन करने दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, सवंदेशनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता रखी जाए। इस अवसर पर सदर बाजार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओर चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

### शबे-बारात पर दिव्यांगजनों को वस्त्र वितरण

**तिलहर, अमृत विचार** : शबे–बरात के अवसर पर खानकाह शमसिया की ओर से नगर के मोहल्ला कच्चा कटरा में दिव्यांगजनों को वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे, जिन्हें सम्मानपूर्वक वस्त्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और जरूरतमंदों को सहारा देते हैं। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में इकबाल हुसैन, शौकत अली, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता और रवि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शाहजहांपुर वॉरियर्स ने मंडल आर्मी को हराया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : मयूर स्पोर्टिंग के बैनर तले कैंटोनमेंट मैदान पर चल रहे विक्रम बत्रा कारगिल शहीद स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को शाहजहांपुर वॉरियर्स ने मंडल आर्मी को चार विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच का टॉस मंडल आर्मी ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 120 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक रन डीके ने 20 एवं थापा ने 19 रन बनाए। शाहजहांपुर वॉरियर्स के बल्लेबाज आहद अंसारी ने 39 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा अन्य बल्लेबाज मोहम्मद नईम ने 33 रन बनाए। मंडल आर्मी के गेंदबाज टाइगर वन और साहिल ने 2 – 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद नईम रहे। अंपायर रिजवान और अजीत सिंह रहे। स्कोरर सीटू रहे। आयोजक मयूर खन्ना ने बताया कि गुरुवार का मैच कुमाऊं रेजीमेंट और लीजेंड वॉरियर्स के बीच में खेला जाएगा।

# शिविर में नहीं पहुंचे अधिकारी, भटके लोग

## एसआईआर के तहत रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने नोटिस जारी कर लोगों को बुलाया नगर पंचायत बंडा, खुद गायब

- बुधवार दोपहर जब लोग पहुंचे तो कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला, लोगों में आक्रोश
- अधिकारी संग फोटो खिंचवाने की बाध्यता के चलते दिन भर भटकते रहे लोग

**संवाददाता, शाहजहांपुर/बंडा**

**अमृत विचारः** नगर पंचायत बंडा में एसआईआर के नोटिस जारी कर सैकड़ों लोगों को बुलाया गया था, लेकिन बुधवार दोपहर जब लोग निर्धारित समय पर नगर पंचायत पहुंचे तो रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शैलेंद्र कुमार मौके पर मौजूद नहीं मिले। अधिकारी के न पहुंचने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन भर लोग साहब के साथ फोटो खिंचवाने के लिए नगर पंचायत में भटकते रहे। शाम को कहीं जाकर शैलेंद्र कुमार बंडा पहुंचे और लोगों के साथ फोटो खींचे।

दरअसल बीते दिनों एसआईआर के तहत मतदाता सूची से संबंधित फार्म भरवाए गए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने एसआईआर फार्म भरे, लेकिन जिले में लाखों लोगों के फार्मों में कुछ त्रुटियां रह गई थीं। ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए थे, ताकि समय रहते उनकी गलतियां ठीक की जा सकें और मतदाता सूची से नाम कटने से बचाया जा सके। सब रजिस्ट्रार पुवायां शैलेंद्र कुमार बंडा के सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी हैं। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम चित्तरपुर नवदिया, सिकंदरपुर सहित अन्य गांवों के लोगों को नोटिस जारी कर चार फरवरी को बंडा नगर पंचायत बुलाया था। नोटिस में अधिकांश लोगों को दोपहर 12 बजे से ढाई बजे तक का समय दिया गया था, ताकि वे अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर फार्म की त्रुटियां ठीक करा सकें। नोटिस मिलने के बाद वोट कटने की आशंका से सैकड़ों लोग दोपहर 12 बजे ही नगर पंचायत बंडा पहुंच गए। लोग अपने जरूरी कागजात लेकर निर्धारित समय पर मौजूद रहे, लेकिन मौके पर सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नहीं पहुंचे। जबकि उन्होंने सब कुछ सोच समझ कर अपनी सहूलियत के हिसाब से लोगों को नोटिस जारी कर समय दिया था। किस समय आना है, यह भी उन्हीं की ओर से बताया गया था। वोट कटने के डर से तमाम लोग अपना जरूरी कामकाज छोड़ कर नगर पंचायत बंडा पहुंचे, लेकिन पता चला कि साहब का कुछ अता-पता ही नहीं है। नगर पंचायत में मौजूद लोगों को जानकारी दी गई कि सब रजिस्ट्रार के पास अन्य कार्य हैं और वह शाम करीब पांच बजे आएंगे, तभी फोटो खींचे जाएंगे और प्रक्रिया पूरी होगी, जिसके बाद ही मतदाताओं का वोट सुरक्षित रह सकेगा। अधिकारी के न पहुंचने से नगर पंचायत परिसर में दिनभर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।



नगर पंचायत परिसर में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के इंतजार में खड़े लोग।

> जब नोटिस जारी हुए थे तो हम दो अधिकारी थे। अब अकेला मैं रह गया हूं। मुझे अपना सब रजिस्ट्रार का दायित्व भी निभाना था। इसलिए मैंने बंडा नगर पंचायत में दो कर्मचारियों को भेज दिया था ताकि लोगों के दस्तावेज चेक किए जा सकें। शाम को मैंने पहुंच कर सभी के साथ फोटो खींचे हैं। किसी को निराश होकर वापस नहीं लौटना पड़ा। –**शैलेंद्र कुमार**, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सब रजिस्ट्रार।

### गुस्साए लोगों ने भाजपा नेताओं को दी सूचना

कुछ लोगों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला को फोन कर जानकारी दी। जिस पर वह मौके पर पहुंच गए और लोगों की समस्या सुनकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। अभिषेक शुक्ला ने बताया कि मंडल ढका घनश्याम के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से जानकारी मिली थी कि लोग नगर पंचायत पहुंचे हैं, लेकिन अधिकारी नहीं हैं। स्वास्थ्य खराब होने के बाद भी मैं मौके पर पहुंचा था।

### पुवायां आफिस में कार्य करते रहे, जनता रही परेशान

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शैलेंद्र कुमार का मूल पद सब रजिस्ट्रार पुवायां का है। बुधवार को वह पूरे दिन पुवायां अपने कार्यालय में बैठकर रजिस्ट्री का कार्य करते रहे, जबकि बंडा नगर पंचायत में एसआईआर नोटिस के तहत बुलाए गए लोगों के दस्तावेज जमा करने व उनके साथ फोटो खींचने नहीं पहुंचे। नगर पंचायत में सैकड़ों लोग दस्तावेज लेकर दिनभर भटकते रहे। लोग लगातार फोन करते रहे, लेकिन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने किसी का फोन तक नहीं उठाया। अधिकारी की इस कार्यप्रणाली से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उनमें रोष देखा गया।

# जिला कारागार में 6 साल तक के बच्चों की देखभाल की समीक्षा



निरीक्षण करने पहुंचे समिति पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में चार सदस्यीय समिति ने स्थितियों को मौके पर जांचा-परखा

**अमृत विचारः** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशों के अनुपालन में जिला कारागार शाहजहांपुर में निरुद्ध महिला बंदियों के साथ रह रहे 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल योजना की समीक्षा की गई। इस क्रम में चार सदस्यीय समिति ने 4 फरवरी 2026 को जिला कारागार का निरीक्षण किया।

गठित समिति में राम औतार त्रिपाठी, मुनीश कुमार सिंह परिहार, न्यायपीठ बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रतिभा मिश्रा परामर्शदाता और सुप्रिया अवस्थी सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहीं। समिति ने कारागार में निरुद्ध विचाराधीन एवं सिद्ध दोष महिला बंदियों के साथ रह रहे 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के चार बच्चों की देखभाल योजना की समीक्षा की। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, शिक्षा, पोषण, संरक्षण, मनोरंजन और समग्र विकास से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। इस दौरान जेल अधीक्षक जितेंद्र प्रताप तिवारी, प्रभारी जेलर अनिल विश्वकर्मा, डिप्टी जेलर पूनम तिवारी, डिप्टी जेलर राघवेंद्र सिंह, डिप्टी जेलर कृष्ण कुमार पांडेय, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह तथा एएचटीयू से आरक्षी अंकित कुमार मौजूद रहे। जेल अधीक्षक ने उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में गठित समिति को बुके भेंट कर सम्मानित किया।

# दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : नगर संसाधन के किला पर नोडल अध्यापकों के लिए नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय अभिमुखीकरण दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका आरम्भ जिला बेसिक अधिकारी दिव्या गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

जिला समन्वयक इंद्रजीत सक्सेना के संचालन मे इस दो दिवसीय कार्यशाला में समस्त विकास खंडों से दो-दो अध्यापक कल 32 अध्यापक अध्यापिकाएं शामिल हुई। मास्टर ट्रेनर इमरान सईद खान बताया की इस दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य साक्षरता अभियान से जुड़े शिक्षक शिक्षिकाएं वॉलिंटियर को सजग करना ताकि 15 वर्ष और इस से अधिक आयु वर्ग के व्यस्क (निरक्षर) को इस रूप मे साक्षर बनाया जाये ताकि समाज एवं देश के विकास में अपना सहयोग प्रदान कर सकें। अब्दुल लतीफ ने कहा कि हम सभी की ज़िम्मेदारी है कि हम अपने आसपास के लोगों को साक्षर बनाएं ताकि हमारा समाज शिक्षित हो। मनोज शर्मा ने कहा कि सभी शिक्षित को चाहिए कि निरक्षर व्यक्ति को साक्षर बनाएं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हम सभी शिक्षित समाज से हैं, हमारा कर्तव्य है कि हम देश को साक्षर बनाने में अपना सहयोग करें। हम सब अपने विद्यालय की रसोईयां, बच्चों के अभिभावक को चिन्हित कर शिक्षित कर इसकी शुरुआत कर सकते हैं। साथ ही उल्लास ऐप एवं दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वयंसेवी को जोड़ने का प्रयास करें और वो आपके सहयोग से निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बना कर ज़िले को पूर्ण साक्षर बनाने मे अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में अध्यापक मान सिंह, प्रतीक आहूजा, विजयकांत, मुख्तार अहमद, दिनेश पाल, मशकूर हुसैन आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में रविंद्र सिंह, मोहम्मद आदिल, अनिल कुमार का सहयोग रहा।




किला स्थित संसाधन केंद्र पर कार्यशाला को संबोधित करतीं बीएसए दिव्या गुप्ता।

### आशाओं का धरना 15वें दिन भी जारी

**सिंधौली, अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन लगातार 15वें दिन भी जारी रहा। धरनारत आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई माह से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं में कराए गए कार्यों का पारिश्रमिक भी अब तक लंबित है। भुगतान न होने से आशा कार्यकर्ताओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पिछले दो सप्ताह से वह लोग सीएचसी पर धरना दे रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई सुनवाई नहीं की गई है। धरने में शामिल कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर प्रिया, विमला, रूचि, रेनू आदि आशाएं मौजूद रहीं।

# युवा उद्यमियों को समझाया आत्म जागरूकता, नेतृत्व कौशल का महत्व

- एसएस कॉलेज में प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का दूसरा दिन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में चल रहे प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का दूसरे दिन में महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रुचि द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए "नेता के रूप में स्वयं को समझना" विषय पर युवा उद्यमियों को आत्म-जागरूकता, नेतृत्व कौशल तथा संतुलित आत्मविश्वास के महत्व से अवगत कराया। अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोज़गार सृजनकर्ता बनने की क्षमता रखता है। इसके लिए आवश्यक है कि वह पहले स्वयं की क्षमताओं, रुचियों और सीमाओं को पहचाने। उन्होंने आत्म-जागरूकता को प्रभावी नेतृत्व का आधार बताते हुए कहा कि जो युवा अपनी सोच, भावनाओं और व्यवहार को समझता है, वही सही निर्णय लेने में सक्षम होता है। एक सफल उद्यमी केवल व्यवसाय चलाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक नेता होता है, जो अपनी टीम को साथ लेकर चलता है। आत्म-जागरूकता से व्यक्ति में सहानुभूति, धैर्य और सुनने की क्षमता विकसित होती है, जो किसी भी स्टार्टअप या उद्यम की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ. द्विवेदी ने आत्मविश्वास और अति-आत्मविश्वास के अंतर को स्पष्ट करते हुए युवाओं को सावधान किया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास व्यक्ति को आगे बढ़ाता है, नई चुनौतियां स्वीकार करने की शक्ति देता है, जबकि अति-आत्मविश्वास निर्णय क्षमता को प्रभावित कर सकता है और असफलता का कारण बन सकता है। इससे पूर्व वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर बृज लाली चौबे ने डॉ द्विवेदी को पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रुचि द्विवेदी का स्वागत करतीं वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर बृज लाली चौबे।

# अरणी मंथन से प्रज्वलित हुई वैदिक अग्नि

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** तहवरगंज स्थित शिव मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं शिव परिवार मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत श्री विष्णु महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ अरणी मंथन से हुआ। युजुर्वेद के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राचीन ऋषि-मुनियों की परंपरा का अनुसरण करते हुए अरणी मंथन से अग्नि प्रज्वलित की गई, जिससे संपूर्ण यज्ञ प्रांगण वैदिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा।

यज्ञाचार्य कुलदीप शास्त्री ने कहा कि यज्ञ से वातावरण की शुद्धि होती है और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। यज्ञ की परिक्रमा मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप क्षीण होते हैं तथा मानव जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है। वेद मंत्रों के पावन उच्चारण से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में गुंजायमान हो गया। भव्य विष्णु महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभाग कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। महोत्सव के दूसरे दिन श्रीमद्भागवत कथा के क्रम में बाल कथाव्यास पंडित मोहित शास्त्री ने चतुर्थ स्कंध के अंतर्गत धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के माध्यम से दक्ष प्रजापति की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य का धर्म डगमगा जाता है, तब दक्ष के समान उसका मान और यश भी नष्ट हो जाता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए। अनेक श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।



श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु।

# हकीम मौलवी शफीकुर रहमान मियां का 26 वां उर्स सम्पन्न

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार** : हजरत हकीम मौलवी शफीकुर्रहमान मियां का 26 वां सालाना उर्स यहां ईदगाह के निकट ककरा रोड स्थित दरगाह पर अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। शाम से लेकर आधी रात तक जायरीन मजार शरीफ पर गुलपोशी और चादर पोशी करते रहे।

इशा की नमाज के बाद राशिद मियां की सरपरस्ती में जलसे की शुरुआत कुरआन की तिलावत से हुई। इसके बाद जलसे को संबोधित करते हुए मौलाना मुहम्मद जाबिर शाह नियाजी ने हजरत हकीम मौलवी शफीक उर-रहमान मियां के जीवन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि हकीम शफीक -उर-रहमान साहब ने अपना पूरा जीवन अत्यंत सादगी के साथ मानवता और दीन की खिदमत में बिताया। मौलाना अफजल कादरी ने शब-ए-बरात की फजीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस रात इबादत करने का बड़ा सवाब मिलता है। हाफिज गुलाम मुर्तजा ने तकरीर की।

नात ख्वां रेहान कादरी, हाफिज ताज मुहम्मद, शादाब, नदीम और सूफी फूल मियां ने नात और मनकबत पेश की। सलाम ए मुस्तफा के बाद रात 12-35 बजे कुल शरीफ़ हुआ। जिसमें हुफ्फाज ने कुरआन शरीफ की आयतें पढ़कर साहिब ए उर्स को ईसाले सवाब किया। मौलाना जाबिर शाह नियाजी ने लोगों की समृद्धि और सुरक्षा तथा देश में शांति एवं तरक्की के लिए दुआ की।

उर्स व कुल में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष व पूर्व पालिका चेयरमैन तनवीर खां, ईदगाह समिति के अध्यक्ष राहत अली खां कुन्नू, सचिव सैयद कासिम रजा, हाजी फारूक खां, अहसान रजा, मिर्ज़ा आसिफ बेग, राशिद हुसैन राही, शाहनवाज, हाफिज नोमान, हाफिज कलीम, पार्षद रिंकू, सरताज कुरैशी, नबी अहमद, उस्मान, अजीजुर रहमान, राशिद, जावेद, नजाकत, रिजवान, नौशाद, इमरान, शाहिद खां, सैयद अरकम आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



मौलवी शफीकुर रहमान व हाजी सैय्यद कलंदर शाह मियां के कुल दुआ करते जायरीन।

### कलन्दर शाह मियां के कुल में हुई दुआ

दूसरी तरफ बड़ी ईदगाह परिसर में रात दो बजे हजरत हाजी सैयद कलंदर शाह मियां का कुल शरीफ़ हुआ। जिसमें मीलाद ख्वां सलमान सुल्तानी ने नात व मनकबत पेश की तथा ज़िक्रे रसूल किया। खादिम मोहम्मद इफ्तेख़ार खां कादरी की निगरानी में हुए कुल शरीफ में कुरआन शरीफ की आयतें पढ़कर फातेहा पेश की। रेहान कादरी ने मुल्क की खुशहाली और सुरक्षा के लिए दुआ मांगी। इस दौरान मोनिस खां, किश्वर अली दानाई, शहीर खां, राशिद खां, चमन खां, मुंशाद, जीशान, शाहरुख आदि उपस्थित रहे।

# माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 शुरू, कर सकेंगे पीएम से संवाद

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** देश के युवाओं को केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद का अवसर मिलने जा रहा है। जिला युवा अधिकारी माय भारत मयंक भदौरिया ने बताया कि केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल के तहत माय भारत पोर्टल के माध्यम से माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 की शुरुआत कर दी गई है। इस पहल के तहत पहले चरण में क्विज राउंड आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागियों को केंद्रीय बजट 2026 पर आधारित 30 सवालों के जवाब देने होंगे। यह क्विज 3 फरवरी से शुरू हो चुकी है और इसमें भाग लेने की अंतिम तिथि 17 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। क्विज में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को दूसरे चरण में प्रवेश मिलेगा, जिसमें 17 फरवरी से 3 मार्च तक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। निबंध लेखन के लिए विकसित भारत के विजन के अनुरूप केंद्रीय बजट से जुड़े 8 विषय दिए जाएंगे। निबंधों का मूल्यांकन 3 मार्च से 10 मार्च तक किया जाएगा और 10 मार्च 2026 को राज्यवार योग्यता सूची जारी की जाएगी। राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विजेताओं को विकसित भारत बजट के विजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल संवाद का अवसर मिलेगा। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत युवा इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए माय भारत शाहजहांपुर कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# ढाई घाट मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल से हजारों श्रद्धालुओं को मिला लाभ

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** जलालाबाद क्षेत्र के प्रसिद्ध ढाई घाट पर आयोजित गंगा मेले में वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी एवं वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से लगाए गए भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन 3 फरवरी 2026 को हुआ। यह शिविर मेले के पहले दिन से अंतिम दिन तक लगातार संचालित रहा, जिसमें श्रद्धालुओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयों की सुविधा प्रदान की गई।

शिविर के दौरान लगभग 1250 श्रद्धालुओं की ब्लड शुगर जांच, करीब 2160 श्रद्धालुओं की ब्लड प्रेशर जांच निःशुल्क की गई, जबकि लगभग 15000 श्रद्धालुओं को सामान्य दवाइयां वितरित की गईं। पतित पावनी मां गंगा के तट की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में 250 कूड़ेदान भी रखवाए गए।

स्वास्थ्य शिविर में एमबीबीएस और एमडी डॉक्टरों की ओर से निःशुल्क परामर्श दिया गया। इसके साथ ही खून की जांच, एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी उन्नत जांचों के लिए डिस्काउंट कूपन भी उपलब्ध कराए गए। मेले में आए श्रद्धालुओं, मेला कमेटी के अधिकारियों-कर्मचारियों और अन्य उपस्थित लोगों ने शिविर और स्वास्थ्य टीम के प्रयासों की सराहना की। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा ने बताया कि यह शिविर मेले की पूरी अवधि तक चला, जिससे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकीं। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष एवं वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि रोहिलखंड अस्पताल सामाजिक सेवा के प्रति निरंतर समर्पित है। ढाई घाट मेले में लगाया गया यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर उसी प्रयास का हिस्सा रहा, ताकि मेले में उमड़ी विशाल भीड़ को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि इस शिविर में एमबीबीएस और एमडी डॉक्टरों की टीम 24 घंटे श्रद्धालुओं के लिए मौजूद रही। मेडिसिन विभाग के रेजिडेंट डॉ. नायडू, डॉ. हिमांशू वर्मा, डॉ. निहाल की चिकित्सकीय टीम, पीआरओ विपिन शर्मा, अतुल गंगवार और पैरामेडिकल स्टाफ का विशेष योगदान रहा। मेला प्रबंधन और अस्पताल प्रबंधन की ओर से स्वास्थ्य शिविर की टीम की प्रशंसा की गई और समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया।





नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में श्रद्धालुओं की जांच कर दवाइयां वितरित करती टीम।

# एसपी ने बाल मित्र केंद्र का किया उद्घाटन

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** एसपी राजेश द्विवेदी ने मदनापुर थाना परिसर में शिशु बाल गृह एवं बाल मित्र केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बाल केंद्र की स्थापना का उद्देश्य डयूटीरत महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों तथा थाना में आने वाले बच्चों, विशेषकर पीड़ित अथवा साक्षी के रूप में उपस्थित बच्चों को भयमुक्त, सुरक्षित, सहयोगी एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने मौजूद छोटे बच्चों को चॉकलेट वितरित किए। शिशु गृह के माध्यम से छोटे बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों एवं थाना आने वाली महिलाओं सुविधा प्रदान की जा सके। एसपी ने थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय, बैरक, मैस, शस्तागार आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था और अच्छी होनी चाहिए। एसपी ने निर्देश दिए कि वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाए और विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए। इस अवसर प्रभा नाना प्रभारी निरीक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।



बाल केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे एसपी।





## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने छापेमारी कर तीन लोगों को अवैध शराब के साथ पकड़ा

**सिंधौली, अमृत विचार :** पुलिस ने अभियान चलाते हुए अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई की है। पुलिस ने ढकिया रनवास निवासी गजोधर, मूड़ा हारिस निवासी राजू और भंडेरी निवासी प्रकाश के यहां छापा मारकर बीस लीटर से अधिक मात्रा में अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए शराब जब्त की है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### खन्नौत में मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में फैली दहशत

**सिंधौली, अमृत विचार :** राजमार्ग पर स्थित खन्नौत नदी पुल के निकट बारापुर गांव के समीप बुधवार दोपहर खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने नदी में तैरता हुआ मगरमच्छ देखा। मगरमच्छ दिखाई देने पर मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को जानकारी दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे। मजदूर राकेश, अज्जू और बालकराम ने वन विभाग को बताया कि खन्नौत पुल के पास पहले भी एक से अधिक बार मगरमच्छ देखे जा चुके हैं। नदी के पास मगरमच्छ की मौजूदगी से ग्रामीणों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### आज परशुराम धाम पहुंचेंगे अलंकार अग्निहोत्री

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिटी मजिस्ट्रेट बरेली पद से इस्तीफा देने वाले अलंकार अग्निहोत्री 05 फरवरी 2026 गुरुवार को प्रात: 11:30 बजे परशुराम धाम, हनुमत धाम के निकट शाहजहांपुर पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर समाज के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजकों की ओर से नगरवासियों और समाज के लोगों से समय से पहुंचकर उनके विचार सुनने और कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है। बताया गया कि अलंकार अग्निहोत्री को समाज का हितैषी और प्रेरणास्रोत माना जाता है, जिनके विचार युवाओं और समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम स्थल पर उनके स्वागत और विचार गोष्ठी की तैयारियां की जा रही हैं।

### महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निवासी साहिबा नैयर ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 28 जनवरी की शाम चार बजे वह अपना कुत्ता टहला रही थी। पड़ोसी शानू ने आया और उसके कुत्ते को मारने लगा। विरोध करने पर घर में घुस गया और महिला को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मेडिकल कालेज की तीसरी मंजिल से कूदा मरीज, मौत

## टीबी की बीमारी से था परेशान, दो माह से भर्ती था सीतापुर के महौली का अनुज कुमार, मंगलवार रात कूदकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अनुज।

- मां को सुलाने के बाद रेलिंग फांदकर नीचे कूदा
- पिता देवेंद्र टीबी वार्ड के बाहर बरामदे में सो रहे थे

**अमृत विचार:** टीबी की बीमारी से परेशान होकर एक मरीज राजकीय मेडिकल कालेज की तीसरी मंजिल की रेलिंग से कूद गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इस दौरान मेडिकल कालेज में अफरा-तफरी मच गयी। डाक्टर और अन्य स्टाफ मौके पर पहुंच गया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। मृतक सीतापुर का रहने वाला था।

सीतापुर जिले के थाना महौली के गांव महोरनिया निवासी 25 वर्षीय अनुज कुमार को टीबी से पीड़ित था। डाक्टर ने उसको भर्ती कर लिया था। मरीज मेडिकल कालेज में तीसरी मंजिल में टीवी वार्ड में भर्ती था। उसका इलाज चल रहा था। उसके माता-पिता साथ में मेडिकल कालेज में ही थे। मंगलवार की रात साढ़े 11 बजे अनुज के पिता देवेंद्र पाल टीबी वार्ड के बाहर बरामदे में सो रहे थे। मां राधा उसके पास थी। उसने मां से कहा कि चलो बाहर पापा के पास जाकर सो जाओ। वह मां को लेकर वार्ड से बाहर आया। उसकी मां कंबल ओढ़कर लेट गयी। करीब 15 मिनट वाद वार्ड के बाहर तीसरी मंजिल की रेलिंग पर चढ़कर उसने छलांग लगा दी। इस दौरान मरीजों के तीमारदारों ने देखने के बाद शोर मचाया कि युवक तीसरी मंजिल से कूद गया। उसके माता-पिता शोर सुनकर जाग गए और देखा कि उसका बेटा अनुज है। मेडिकल कालेज में अफरा-तफरी मच गयी। डाक्टर व अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे और अनुज को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह फोर्स के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने परिवार वालों और स्टाफ से जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक को टीबी थी और उसका इलाज चल रहा था। बीमारी से परेशान होकर उसने तीसरी मंजिल की रेलिंग पर चढ़कर कूदकर जान दे दी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पत्नी को भी टीबी हो गई थी

अनुज की शादी सीतापुर जिले के महौली थाना क्षेत्र के गांव पकड़िया रुबी के साथ शादी हुई थी। उसकी पत्नी मायके में थी। उसकी डेढ़ साल की बेटी है। मृतक अनुज के पिता ने बताया कि उसकी पत्नी को भी टीबी हो गयी थी। उसका भी मायके में इलाज चल रहा था। उसकी टीबी ठीक हो गयी थी। वह मजदूरी करता था। उसके पिता देवेंद्र पाल भी मजदूरी करते हैं। उसके दो भाई दिवाकर और आनंद हैं। तीन भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसकी दो बहनें निशा और सुशीला हैं। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### जांच कमेटी गठित की जाएगी

टीबी वार्ड के तीसरी मंजिल से एक मरीज ने रेलिंग पर चढ़कर कूद गया और उसकी मौत हो गयी। उसका इलाज चल रहा था। उसके माता-पिता बाहर बरामदे में लेटे हुए थे। जांच के लिए कमेटी गठित की जाएगी। **-डॉ. सरोज कुमार सीएमएस**

### पिता का आरोप- बेटे का उपचार सही नहीं हो रहा था

देवेंद्र पाल ने बताया कि उसके बेटे अनुज को टीबी की बीमारी थी। उसको एमआरवी बीमारी हो गयी थी। वह अपने बेटे का इलाज कराने लखनऊ मेडिकल कालेज ले गया था। जहां उसके ट्यूब पड़ा था। वह तीन दिन बाद छुट्टी कराके घर ले जाना था। उसकी तबीयत अधिक खराब होने पर यहां डेढ़ माह पूर्व मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। यहां पर डाक्टर ने ट्यूब निकाल दिया था। उसका दो माह से इलाज चल रहा था। उसका आरोप है कि उसके बेटे का सही इलाज नहीं हो रहा था।

### अनुज ने दवा भी नहीं खाई

मां राधा रात में करीब 11 बजे उसके लिए खाना लेकर गयी थी। उसने मां के हाथों से खाना खा लिया था और मां ने दवा खाने को दी। उसने दवा नहीं खायी। उसने अपनी मां से कहा कि दो माह से भर्ती हूं और दवा खाते-खाते परेशान हो गया और ठीक नहीं हो रहा हूं। उसने अपनी मां से कहा कि चलो और सो जाओ, परेशान न हो। मां को सुलाने के बाद तीसरी मंजिल की रेलिंग से कूद गया था। मां ने रोते हुए कहा कि क्या पता था कि उसका बेटा कूदकर जान दे देगा। वह बीमारी से काफी परेशान था।

## आनलाइन ठगी के 54 हजार रुपये कराए वापस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से आनलाइन 54 हजार रुपये की ठगी हो गयी थी। पुलिस ने जांच करके रकम वापस करायी।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी जाहिद ने थाना पर सूचना दी कि ठेकेदारी से संबंधित टेंडर को लेकर 54 हजार रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिए गए थे। पुलिस ने संज्ञान में लिया और गहनता से जांच की। पुलिस ने उसकी रकम वापस करायी। इधर सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी राजेंद्र बजाज ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि बेटे की शादी के रजिस्ट्रेशन को लेकर आनलाइन धोखाधड़ी करके फोन-पे के माध्यम से 2500 रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। सदर बाजार पुलिस ने संज्ञान में लिया और शिकातकर्ता के रुपये वापस कराए।

# विवादित जगह शबे बरात के दिये जलाने से विवाद

संवाददाता, पुवायां

- प्रशासन ने कराया यथास्थिति का पालन

**अमृत विचार:** क्षेत्र के अनावा गांव में विवादित भूमि पर शब्बे-बरात के अवसर पर दीपक जलाने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करते हुए यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में एक भूमि को लेकर पहले से विवाद चला आ रहा है। एक पक्ष का कहना है कि उक्त भूमि देवस्थान से जुड़ी है, जबकि दूसरे समुदाय द्वारा उसके समीप कब्रिस्तान बनाकर शव दफनाए जा रहे हैं। बीती रात कुछ लोग शब्बे-बरात के मौके पर कथित कब्रिस्तान की भूमि पर दीपक जलाने पहुंचे, जिस पर दूसरे समुदाय के लोगों ने विरोध दर्ज कराया। विरोध के दौरान प्रेमपाल व अन्य लोगों द्वारा आपत्ति जताने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा। सूचना पर तहसीलदार एवं पुलिस मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। प्रशासन ने दोनों पक्षों को स्पष्ट रूप से यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि मुस्लिम त्योहार के अवसर पर कुछ लोग वहां दीपक जलाने गए थे, जिस पर दूसरे समुदाय ने आपत्ति जताई। मौके पर तहसीलदार व पुलिस को भेजकर विवाद शांत करा दिया गया है और फिलहाल स्थिति सामान्य है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

**कलान, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम गंगोरा निवासी सहदेव यादव 25 वर्ष और विनय यादव 26 वर्ष बुधवार को बाइक से अपने गांव से कलान आए थे। शाम करीब 6:15 बजे जब दोनों युवक स्टेट हाईवे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद पर भारत पेट्रोल पंप भर्रामई के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से पीएचसी भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को बदायूं जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

# दो पक्षों में विवाद, समझौते के बाद दफनाया शव

संवाददाता, खुटार



सूचना के बाद पहुंची पुलिस ग्राम प्रधान से बात करती हुई • अमृत विचार

- दो समुदायों में सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में बढ़ा विवाद
- हिंदू संगठन व पुलिस ने दोनों पक्षों को कराया शांत

**अमृत विचार:** खुटार के गांव हिटौटा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला तूल पकड़ता देख सूचना पर हिंदू संगठन व पुलिसकर्मी पहुंच गए। दोनों पक्षों की बात सुनकर पुलिस ने समझौता करा दिया। इसके बाद दूसरे समुदाय के पक्ष ने कब्रिस्तान में शव को दफनाया गया। गांव हिटौटा निवासी रामकुमार ने पुलिस को बताया कि उनके मकान के सामने कब्रिस्तान है। इसके चारों ओर तारबंदी है और पश्चिम दिशा से रास्ता है। कब्रिस्तान के दक्षिण में खड़ंजा किनारे कुछ सरकारी जमीन खाली पड़ी है। गांव के अनुसूचित जाति के लोग उपले व गोबर डालते है। आरोप है कि दूसरे समुदाय के कुछ लोगों की जमीन पर नियत खराब है और अवैध कब्जा कर कब्रिस्तान में मिलाने का प्रयास में हैं। रामकुमार ने बताया कि मंगलवार को गांव के मुस्तफा की बुजुर्ग मां का इंतकाल हो गया था। शाम को मुस्तफा अपने समाज के लोगों के साथ बुजुर्ग के शव को हिंदू आबादी की ओर उसी भूमि से गेट बनाकर कब्रिस्तान में ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इस पर पीड़ित रामकुमार और वहां पर रहने वाले अनुसूचित जाति के अन्य लोगों ने विरोध किया। बाद में मुस्तफा ने अपनी मां का शव दफन करने से मना कर दिया और बुधवार सुबह थाने पहुंच गए। मुस्तफा ने रामकुमार व अन्य लोगों पर कब्रिस्तान के किनारे खाली पड़ी भूमि पर जबरन कब्जा करने और कब्रिस्तान में गेट लगाने से मना करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। सूचना पर पुलिस और हिंदू संगठन के अध्यक्ष अवनीश मिश्र कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए।

जहां दोनों समुदायों की बात को बारीकी से सुना। पंचायत के बाद फैसला हुआ कि कब्रिस्तान के पास रहने वाले अब्दुल बाराती के मकान के सामने गेट लगेगा। इस बात पर दोनों पक्ष तैयार हो गए और मामले को शांत कर दिया गया। बाद में मुस्तफा की मां के जनाजे को कब्रिस्तान लाया गया और शव को दफन करा दिया गया। इस दौरान खुटार पुलिस के साथ ही ग्राम प्रधान पति इश्तियाक, खलील, बलदेव, सरोज, रविकुमार, सत्यपाल, अनीश, जैनुल, सफीउल्ला आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में पंप ऑपरेटर समेत दो लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विशेष कुमार

- खुदागंज क्षेत्र में उर्वेश और तिलहर में विशेष कुमार की मौत, परिवार में कोहराम

**अमृत विचार:** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों की अस्पताल में मौत हो गयी। खुदागंज क्षेत्र के युवक की ससुराल जाते समय दो बाइकों की आपस में टक्कर होने से मौत हो गयी। तिलहर क्षेत्र में पंप ऑपरेटर की मौत पिकअप और बाइक टकराने से मौत हो गयी।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव मुतिया निवासी 35 वर्षीय उर्वेश सिंह की ससुराल मोहम्मदी क्षेत्र में गांव पड़सर में है। उसकी साली सुभांती की शादी 05 फरवरी को है। उसकी पत्नी बबली एक सप्ताह पहले मायके चली गयी थी। उर्वेश सिंह दिल्ली में काम करता था। वह दिल्ली से मंगलवार की सुबह अपने घर आया था। वह मंगलवार की दोपहर बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। पुवायां-खुटार रोड पर इनायतपुर मोड़ पर उसकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गयी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवार वाले बुधवार की सुबह पांच बजे बरेली लेकर जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गयी। मृतक उर्वेश सिंह हेलमेट पहने था, जो टक्कर लगने पर निकल गया। उसकी शादी के करीब दस साल हो गए है। उसके बच्चे नहीं है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। वह चार भाइयों और एक बहन में चौथे नंबर का था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तिलहरः मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव फीलनगर निवासी 25 वर्षीय विशेष कुमार तिलहर क्षेत्र में एक पंप पर आपेटर के पद पर काम करते थे। मंगलवार की रात आठ बजे ड्यूटी करके घर बाइक से घर जा रहे थे।

रास्ते में धनेला गांव के सामने पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। डाक्टर ने विशेष कुमार को मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों का आरोप है कि एंबुलेंस में ऑक्सीजन नहीं थी। उसकी पत्नी का नाम पूनम है और एक तीन साल की बेटी है। तीन साल से पंप पर काम कर रहे थे। दो भाइयों में छोटा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि पिकअप को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घायल की इलाज के दौरान मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोजा थाना क्षेत्र के गांव छीतेपुर निवासी 60 वर्षीय हरजिंदर सिंह दस दिन पूर्व रोजा मण्डी समिति गए थे। ट्रैक्टर से टकराकर घायल हो गए थे। परिवार वालो ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। रोजा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अतिक्रमण हटाने को चला अभियान दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचारः** नगर में बुधवार को दोपहर अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में मौजमपुर बाजार स्थित पुराने तांगे स्टैंड से आंबेडकर पार्क बिरियागंज तक अभियान चलाया गया।

इस दौरान सड़क और पटरी पर किए गए अतिक्रमण हटवाए गए। अभियान के समय पालिका प्रशासन और कुछ दुकानदारों के बीच नोंक-झोंक भी हुई। हालांकि कई दुकानदारों ने अभियान शुरू होने से पहले ही सड़क पटरी पर किए अतिक्रमण स्वयं हटा लिए। कुछ दुकानदारों को नाली पर डाले गए पटलों और टीन शेड को तत्काल हटाने की हिदायत दी गई। सड़क पटरी पर टायर और क्रॉकरी रखे मिलने पर दो दुकानदारों से एक-एक हजार का जुर्माना वसूला, एक मिष्ठान भंडार पर पॉलीथिन मिलने पर दो हजार रुपये का जुर्माना किया गया। आंबेडकर पार्क के निकट पटरी से सड़क तक लगाई गई दुकानों को पीछे हटवाते हुए प्लास्टिक की क्रेट भी जब्त की गईं। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि आगे सड़क या पटरी पर सामान रखा मिला तो जुर्माने के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। अभियान में आरआई सुशांत कुमार, सफाई निरीक्षक राजीव कुमार, जेई नितिन गुप्ता, लिपिक अयूब हुसैन, कमलदीप श्रीवास्तव, इस्लाम अंसारी, अरविंद कुमार, नईम फरीदी और पुलिस बल मौजूद रहा।

**आरक्षण** दिल्ली से आने वाली ट्रेनों में वेटिंग लंबी, होली स्पेशल चलने से राहत की उम्मीद

# होली पर लोगों का घर जाना होगा मुश्किल, ट्रेनों में सीटें खाली नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मार्च माह में होली के पर्व को लेकर लोगों ने घर जाने के लिए दो माह पहले ट्रेनों में अपना रिजर्वेशन पहले करा लिया था। ट्रेनों में कन्फर्म टिकट पाना असंभव हो गया है। क्यों कि महीनों पहले रिजर्वेशन टिकट के बावजूद बेटिंग लिस्ट पर ही टिकट अटक जाते है। पूरब दिशा की ओर जाने वाली ट्रेनों में बेटिंग काफी लंबी है। अब लोगों को चिंता सताने लगी है कि होली पर बच्चों को लेकर भीड़ में कैसे सफर करेंगे।

पूर्व दिशा के अधिकांश लोग यहां पर रेलवे, रिलायंस, कृभको फैक्ट्री, चीनी मिलों आदि फैक्ट्री में काम करते है। परिवार समेत लोग रहते है। तीन मार्च को होली है। होली के पर्व अधिकांश लोग अपने घरों को जाते है। होली के त्योहार से पहले घर पहुंचने की मजबूरी के चलते लोगों ने दो माह पहले रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर पर अपने टिकट बुक करा लिए थे।

इसका असर यह हुआ कि अब सामान्य दिनों में चलने वाली ट्रेनों में भी सीटें उपलब्ध नहीं है। ट्रेनों में स्लीपर और एसी में जगह नहीं है। लोग टिकट घर काउंटर पर आते है और होली के आस-पास फार्म भरकर टिकट बुक के लिए देते है। पता चलता है कि स्लीपर और एसी में कोई बर्थ उपलब्ध नहीं है। लोग वापस होकर निराश हो जाते है। काउंटर पर पता बेटिंग के बारे में पता करते है तो काफी वेटिंग है, जो कंफर्म होना मुश्किल है। दिल्ली से आने वाली ट्रेन काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में स्लीपर में वेटिंग 40, श्रमजीवी एक्सप्रेस में 45, बेगमपुरा एक्सप्रेस में 30, दून एक्सप्रेस में 30, शहीद एक्सप्रेस 42, सद्भावना एक्सप्रेस में 30, गुवाहाटी एक्सप्रेस में 35, दिल्ली-अयोध्या एक्सप्रेस में 35, सियालदहा एक्सप्रेस में 28, पंजाब मेल में 40, अमरनाथ एक्सप्रेस में 30, गंगा सतलुज एक्सप्रेस में 35 वेटिंग है। इतनी लेबी वेटिंग में कन्फर्म होना मुश्किल है। होली के समय जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं होती है। इतना ही नहीं लोग जनरल टिकट लेकर स्लीपर कोच में सफर करते है। रेलवे यात्रियों का कहना है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को लेकर आवश्यक्ता पड़ने पर होली स्पेशल ट्रेनें चलाए जाने की उम्मीद है।

### रोडवेज बसों के बढ़ाए जाएंगे फेरे

रोडवेज डिपो प्रभारी सुशील त्रिवेदी ने बताया कि दिल्ली रूट पर करीब 25 निगम की बसों का संचालन हो रहा है। होली के समय दिल्ली के लिए बसों का फेरें बढ़ा दिए जाएगे। यदि आवश्यकता पड़ी तो दिल्ली रूट के लिए बसों की संख्या बढ़ा दी जाएगी। दिल्ली से काफी संख्या में यहां पर होली के समय लोग आते है। होली के समय चालक और परिचालक को डयूटी के दौरान प्रोत्साहन धनराशि दी जाती है।




यात्री आरक्षण विंडो • अमृत विचार

# खुटार के युवक की खीरी में सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, खुटार



**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव सिंहपुर निवासी लाल बहादुर का 30 वर्षीय बेटा विवेक कुमार गांव के ही राहुल पुत्र जसकरन 25 वर्षीय व नीतू पत्नी पवन कुमार 28 वर्षीय को बाइक से बुधवार को लखीमपुर खीरी को दवा दिलवाने के लिए गया था। जहां से वह शाम करीब 4:00 बाइक से तीनों लोग वापस घर आ रहे थे। खुटार लखीमपुर हाईवे मैलानी थाना क्षेत्र के गांव नौवा खेड़ा के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहा राहुल उछलकर रोड पर दूर जा गिरा, राहुल के पीछे विवेक कुमार बीच हाईवे पर उछलकर गिरने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठी नीतू पत्नी पवन कुमार के दोनों पर टूट गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवेक कुमार के शव को अपने कब्जे में ले लिया। जबकि गंभीर रूप से घायल राहुल व नीतू को गोला सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उन्हें लखीमपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। उधर विवेक की मौत की सूचना जैसे ही घर पहुंची तो घर में चीख पुकार मच गई। पत्नी किरन देवी, पिता लाल बहादुर, भाई अनिल कुमार व प्रमोद कुमार, मां गीता देवी बद हवास होकर गिर पड़े। परिजनों ने बताया कि विवेक कुमार अपने पीछे डेढ़ वर्षीय बेटे सहित परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया।

## फायरिंग करने वाले पुलिस की गिरफ्त से दूर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली इलाके के अजीजगंज डैम रोड पर स्थित एक मकान के बाहर फ्लिपकार्ट के कर्मचारी के साथ मारपीट और जबरन गाड़ी में डालने का प्रयास करने के आरोपियों को पुलिस चार दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। चौक कोतवाली इलाके के अजीजगंज डैम रोड निवासी विनीत के घर पर शनिवार की रात तीन लोग पहुंचे थे। वह गंगा स्नान करने के लिए ढाई घाट परिवार समेत गए हुए थे। आरोपियों ने गाली-गलौज कर विनीत को बुला रहे थे। शोर शराबा सुनकर विनीत के घर में किराए पर चल रहे फ्लिपकार्ट गोदाम के कर्मचारी अंकित दीक्षित बाहर आए तो आरोपियों ने गाली देकर विनीत को बुलाने को कहा। जब अंकित ने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों में से एक व्यक्ति ने पिस्टल से फायर कर दिया। इसके बाद दो राउंड फायर और किए थे।

अमृत विचार
बरेली, गुरुवार,5 फरवरी 2026



**न्यूज ब्रीफ**

### समरसेबल मरम्मत के पैसे को लेकर विवाद, युवक को पीटा

**कलान, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर निवासी रामबाबू यादव ने बुधवार सुबह अपनी समरसेबल मरथरा गांव के एक मैकेनिक से ठीक कराई थी। मरम्मत के बाद मैकेनिक ने 200 रुपये मांगे, जिस पर समरसेबल मालिक रामबाबू यादव ने कुछ कम पैसे लेने की बात कही। इसी बात को लेकर गांव के कुछ परिजन और पड़ोसी आगबबूला हो गए और आपस में कहासुनी शुरू हो गई। रामबाबू यादव द्वारा विरोध करने पर दबंग आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया, जिससे वह घायल हो गया। बताया जाता है कि घायल रामबाबू यादव पुलिस के पास अपनी पीड़ा बता रहा था, तभी एक आरोपी वहां पहुंचा और उसे भला-बुरा कहने लगा। इस पर पुलिस ने आरोपी को शांति भंग की कार्रवाई में पाबंद कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। मामले को लेकर गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### आंवला-बदायूं रोड पर जलभराव से लोग हो रहे परेशान

**कुंवरगांव, अमृत विचार** : आंवला-बदायूं रोड पर लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या बनी हुई है। टूटे हुए रोड पर बारिश और नालियों का पानी जमा होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आवागमन प्रभावित हो जाता है। लोगों ने रोड की मरम्मत कराने की मांग करते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। लोगों ने रोड की स्थिति से डीएम को अवगत कराया। उसमें गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। टूटी हुई सड़क पर सड़क जलभराव के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि आंवला-बदायूं रोड पर जल निकासी की व्यवस्था कराते हुए सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस मौके पर सुखदेव शर्मा एडवोकेट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ननद ने थिनर फेंक कर झुलसाया चेहरा रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : उत्तराखंड के सितारगंज की रहने वाली संदीप कौर ने अमरिया थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी ग्राम हरदासपुर निवासी सुखवंत सिंह से बारह मार्च 2009 को हुई थी। उसके दो पुत्र व एक पुत्री है। वह सितारगंज में रहकर बच्चों को पढ़ा रही है। आरोप है कि पति ने तीन साल से कोई खर्च नहीं दिया। पति अधिकांश समय स्पेन में रहते हैं। वर्तमान में पति घर आया है। जब इस बारे में बात की गई तो झगड़ा शुरू कर दिया। आरोप है कि ननद ने पीड़िता के चेहरे पर थिनर फेंक दिया, जिससे चेहरा झुलस गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# विनोबा भावे सेवा आश्रम में अहिंसा लाइब्रेरी का उद्घाटन

## वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर और वाइस चांसलर ने किया औपचारिक भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विनोबा भावे आश्रम में अहिंसा लाइब्रेरी के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित प्रो-चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल एवं वाइस चांसलर डॉ. किरन अग्रवाल। ● अमृत विचार

- अहिंसा, नैतिकता और मानवीय मूल्यों पर केंद्रित पुस्तकालय शुरू
- स्वास्थ्य, ग्राम विकास और यकृत रोगों पर रखे गए विचार

**अमृत विचार**ः वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल एवं वाइस चांसलर डॉ. किरन अग्रवाल ने विनोबा भावे सेवा आश्रम का औपचारिक भ्रमण किया। आश्रम पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत आश्रम संस्थापक रमेश भैया की ओर से किया गया। भ्रमण के दौरान आश्रम परिसर में स्थापित अहिंसा लाइब्रेरी एक्सटेंशन का विधिवत उद्घाटन डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल और डॉ. किरन अग्रवाल की ओर से किया गया।

अहिंसा लाइब्रेरी महात्मा गांधी के अहिंसा, नैतिकता और मानवीय मूल्यों पर आधारित साहित्य को समर्पित है। पुस्तकालय का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और शांतिपूर्ण विचारधारा को बढ़ावा देना है। उद्घाटन अवसर पर आश्रम परिसर में शैक्षणिक और सामाजिक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर. एन. शुक्ला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता विभागाध्यक्ष सामुदायिक चिकित्सा तथा डॉ. राघव विशिष्ठ पीजी सामुदायिक चिकित्सा भी उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं की ओर से स्वास्थ्य और सामाजिक विषयों पर अपने विचार रखे गए। डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने अल्कोहॉलिक लिवर डिजीज मद्यजनित यकृत रोग के बढ़ते खतरे, इसके प्रमुख कारणों, लक्षणों तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. किरन अग्रवाल ने ग्राम विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य डॉ. आर. एन. शुक्ला ने हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता, समय पर जांच, टीकाकरण और जनशिक्षा की जरूरत पर बल दिया। डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता ने यकृत रोगों से बचाव के उपाय सरल भाषा में समझाए, जिसमें संतुलित आहार, नशा मुक्ति, स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और टीकाकरण को प्रमुख बताया।

कार्यक्रम के दौरान वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से उपलब्ध वर्तमान चिकित्सा सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक दायित्वों के बारे में भी जानकारी साझा की गई। भ्रमण के अंत में अतिथियों ने आश्रम स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया, जहां लगभग 100 बुजुर्ग निवासी मौजूद थे। अतिथियों ने बुजुर्गों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, सामाजिक और भावनात्मक विषयों पर चर्चा की तथा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, देखभाल और सामाजिक सहभागिता के महत्व पर बल दिया।

### रेलवे कालोनी में मकान का ताला तोड़कर चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**ः सदर बाजार पुलिस रेलवे कालोनी में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही है। चोरों ने ने एक घर को और निशाना बना लिया। चोरों ने मकान का ताला तोड़ दिया और नगदी, जेवर आदि सामान ले गए। चोरी की घटनाओं से कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ढाका ताल रेलवे कालोनी निवासी राज बहादुर सिंह सोमवार की सुबह मकान में ताला बंद करके परिवार के साथ चंदौसी गए थे। चोरों ने उनके मकान को ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए। चोरों ने अलमारी और बक्से के ताले तोड़ दिए और नगदी, जेवर चुराकर ले गए। मंगलवार की सुबह आठ बजे पड़ोसियों ने उनके मकान का ताला टूटा हुआ देखा और आवाज लगायी तो कोई बाहर नहीं आया। पड़ोसियों ने उनके भाई को सूचना दी। उन्होंने आकर देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। उन्होंने बताया कि भाई आने पर ही पता चलेगा कि क्या सामान गया है। इधर रेलवे कालोनी में एक दिन पूर्व रात में टीटीई महीपाल, आरपीएफ सिपाही पूर्णिमा और रूपाली तथा सिग्नल विभाग के कर्मचारी फैयाज अहमद के मकान का चोरों ने ताला तोड़कर नगदी आदि सामान चुरा लिया था।

# 12 फरवरी से दो मार्च तक आयोजित होंगे कार्यक्रम



आरसी मिशन परिसर में तैयारियों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी।

- आरसी मिशन के स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**ः जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह और अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र के साथ श्री रामचंद्र मिशन के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 फरवरी से 02 मार्च तक आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने एनएचआई के अभियंता को सड़क और डिवाइडर के कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। फायर सेफ्टी और विद्युत सेफ्टी की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निर्देश दिए कि आरसी मिशन परिसर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और आरओ टैंक के पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। सीओ ट्रैफिक को यातायात व्यवस्था के लिए बेहतर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि 10 फरवरी से 5 मार्च तक समारोह अवधि में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं 10 फरवरी तक पूर्ण कर ली जाएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने मंडी रोड स्थित अहमदपुर रेती क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और नगर आयुक्त को सड़क किनारे जमा कीचड़ हटाकर सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार और जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने किया सड़क चौड़ीकरण का निरीक्षण



सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण करते नगर आयुक्त बिपिन कुमार।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर,

- नाला निर्माण के कार्य को भी देखा और निर्देश दिए

**अमृत विचार** : नगर आयुक्त महोदय डॉ बिपिन कुमार मिश्र ने अपर नगर आयुक्त एसके सिंह के साथ बुधवार को लोहारों वाले चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण कार्य की स्थिति को देखा। सम्बंधित को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराएं, जिससे महानगर वासियों को सुगम यातायात में सुविधा हो सके।

वहीं, आयुक्त ने वार्ड संख्या 21 रेती में ग्रीन वैली स्कूल से मेजबान होटल वाले रोड पर नगर निगम टीम के माध्यम से किये जा रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने व जलभराव वाले स्थल पर पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय नगर निगम से मुख्य अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सतेंद्र कटियार व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्मैक समेत चार तस्कर गिरफ्तार


**जैतीपुर/शाहजहांपुर, अमृत विचार**ः पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 100 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने चारों तस्करों का चालान कर दिया।

उप निरीक्षक इतेश तोमर को बुधवार की दोपहर सूचना मिली कि मरुआझाला मंदिर के निकट चार मादक पदार्थ तस्कर खड़े है। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त असगर अली निवासी ब्रहमपुरा थाना प्रेमनगर जिला बरेली, उमर निवासी शाहाबाद थाना प्रेमनगर जिला बरेली, महफूज अली निवासी पुराना शहर थाना प्रेमनगर जिला बरेली तथा अलतमश निवासी शाहबाद थाना प्रेमनगर जिला बरेली है।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 100 ग्राम स्मैक, एक बाइक, एक रकूटी ओर चार मोबाइल बरामद किए है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि काफी समय से धंधा कर रहे है। स्मैक लेकर आते थे और लाकर बेचते थे। पुलिस ने अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में मुख्य आरक्षी अजय राना, तैयब अली, सिपाही नवीन कुमार थे।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 427 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



परीक्षा में सहयोग करने वालों को सम्मानित करते गायत्री परिवार के सदस्य।

**अमृत विचार** : अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में योगदान देने वाले विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। परीक्षा में नगर के 427 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था।

गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी को संस्कारवान, चरित्रवान और राष्ट्रनिष्ठ बनाने का सशक्त माध्यम है। आज के भौतिकवादी दौर में बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना आवश्यक है। शांतिकुंज की ओर से यह प्रयास समाज के नैतिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। वरिष्ठ गायत्री परिजन सुखपाल शर्मा ने कहा कि विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षक इस अभियान की रीढ़ हैं, जिनके सहयोग से यह परीक्षा घर-घर तक पहुंच रही है। ऐसे शिक्षकों का सम्मान वास्तव में संस्कृति और संस्कारों का सम्मान है। परीक्षा में गायत्री परिजन आर्येंद्र सिंह, भुवनेश शर्मा, ममता शर्मा, दीप्ति शर्मा, नरेंद्र कुमार, अखिलेश माहेश्वरी आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर देवनागरी इंटर कालेज के राममोहन शर्मा, हर्वेश कुमार यादव, प्रदीप कुमार, चेतन शर्मा, रवीन्द्र कुमार, भद्वार गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सुजाता सक्सेना, दीक्षा छाबड़ा, जोया अंसारी, रुबी पाल, इकरा कुरैशी, तनीषा गुप्ता, कल्पना पाल, विजया शर्मा, नगर पालिका अशर्फी देवी कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्य वीरू, प्रेमलता शर्मा, वेदमाता गायत्री विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक योगेन्द्र कुमार शर्मा, शिक्षक राकेश बाबू शर्मा, अंजना धवन, दीक्षा शंखधार, स्नेहा गुप्ता, करिश्मा आदि को सम्मानित किया गया। सुखपाल शर्मा, भुवनेश शर्मा, ममता शर्मा आदि मौजूद रहे।

### वैभव ने चंडीगढ़ क्रिकेट टीम से रणजी ट्रॉफी मैच खेला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : वैभव नारंग ने चंडीगढ़ क्रिकेट टीम से रणजी ट्रॉफी मैच खेलकर शाहजहांपुर का नाम रोशन किया।

साउथ सिटी बरेली मोड़ निवासी वैभव नारंग पुत्र अनिल कुमार नारंग ने सौराष्ट्र के खिलाफ चंडीगढ़ क्रिकेट टीम की ओर से रणजी ट्रॉफी मैच खेला। उनकी उपलब्धि से शाहजहांपुर क्रिकेट में हर्ष का माहौल है। शाहजहांपुर कोऑर्डिनेटर मनोज यादव ने बताया कि वैभव ने सौराष्ट्र के खिलाफ दूसरी पारी में शानदार 47 रन बनाए। इससे पहले वैभव नारंग 2011 में शाहजहांपुर प्रीमियर लीग में विजेता टीम के सदस्य रहे थे। और उनकी कप्तानी में मयूर स्पोर्टिंग से भी खेल चुके हैं। आनंद पाठक, मयूर खन्ना, इरफान खान, नईम , सौरभ मलिंगा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### सीओ ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण

**जैतीपुर, अमृत विचार**ः बुधवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत सीओ ज्योति यादव ने थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा के साथ नवादा मोड़ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की मेस व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। सीओ ने विद्यालय में छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने शिक्षिकाओं से स्कूल की व्यवस्थाओं और छात्राओं की सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित महिला और बाल सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और किसी भी आपात स्थिति में निर्भीक होकर सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया।

# संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ

संवाददाता, बिल्सी





प्रधान, सचिवों को प्रशस्ति पत्र देते विधायक हरीश शाक्य। ● अमृत विचार

- छह इंडीकेटर्स पर शत-प्रतिशत लक्ष्य का लिया संकल्प

**अमृत विचार** : विकासखंड अंबियापुर में बुधवार को 'संपूर्णता अभियान दो का भव्य शुभारंभ विधायक हरीश शाक्य ने फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और पशु चिकित्सा से जुड़े छह प्रमुख इंडीकेटर्स पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर ब्लॉक को विकास के प्रत्येक मानक पर संपूर्ण बनाना है। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उत्कृष्ट कार्य के लिए पोषण क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वास्थ्य क्षेत्र में एएनएम, बीबीजी राम योजना में रोजगार सेवक, एनआरएलएम के अंतर्गत विद्युत सखी द्वारा एक माह में 90 हजार रुपये का कमीशन अर्जित करने पर, साथ ही समूह सखियों, पंचायत सहायकों, सचिवों एवं ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रेखा भारती, बीडीओ शैली गोविल, डा.अनिल कुमार गुप्ता, सीडीपीओ राखी गुप्ता, एसएचओ मनोज, प्रधान मुजाहिद खान, लालू यादव, डा.हैदर अली, नन्हे सिंह आदि मौजूद रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर नर्सिंग छात्रों ने किया जागरूक



कैंसर से बचाव की पोस्टर से जानकारी देते छात्र। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार** : विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज में कॉलेज ऑफ नर्सिंग के एवं पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं द्वारा कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अस्पताल के ओपीडी प्रांगण में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने कैंसर के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. श्रीनिवासन एवं मेडिकल-सर्जिकल नर्सिंग विभाग द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। इसके साथ ही नर्सिंग एवं पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं ने ओपीडी में आए मरीजों एवं उनके तीमारदारों को कैंसर से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नर्सिंग ट्यूटर अजय पारीक रहे।

### विश्व कैंसर दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**बिल्सी, अमृत विचार** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच व उपचार के महत्व को समझाना रहा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल गुप्ता ने कहा कि कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर समय रहते उपचार कराया जाए तो इस बीमारी से बचाव संभव है। डॉ. प्रगति और डॉ. पीके शर्मा ने भी कैंसर के प्रकार, कारण और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में स्टाफ नर्स अनुराधा सागर, अमृता सिंह, लता सक्सेना सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इस दौरान स्टाफ नर्स सरवर अली आदि मौजूद रहे।



# डीआरएम ने रोजा स्टेशन की सफाई को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रोजा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करती डीआरएम विनीता श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**ः मुरादाबाद मंडल डीआरएम विनीता श्रीवास्तव ने रोजा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव बालामऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद शाम छह बजे निरीक्षण यान रोजा रेलवे स्टेशन पर पहुंची। उन्होंने पावर केबिन का निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी की एक दिन में कितनी मालगाड़ियां आती है। उन्होंने ड्यूटी पर कर्मचारी से अन्य जानकारी की। वह गार्ड लावी में गयी और चेक किया। उन्होंने खाना बनाने वाले कर्मचारी से पूछा कि क्या खाना दिया जाता है, उसने कहा कि मैन्यू के आधार खाना दिया जाता है। यहां पर निरीक्षण करने के बाद डीआरएम लोको पायलट के ठहरने वाले भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने देखा महिला लोको पायलट के कक्ष को देखा।

उन्होंने ने स्टेशन का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था देखी और निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था और बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने उस स्थान का निरीक्षण किया, जहां पांच लोगों की मौत हो गयी थी। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे कालोनी के निकट दीवार बनायी जाए, जो लोगों ने आम रास्ता बना लिया है। डीआरएम निरीक्षण करने के बाद मुरादाबाद चली गयी। निरीक्षण के समय मंडल के अधिकारी और स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
8077344353
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
महीने के प्रत्येक रविवार को | समय : सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निःशुल्क परामर्श
डॉ. दीपक माहेश्वरी
M.B.B.S., M.D.
Consultant Physician & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल •CARE FOR SURE•
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली 9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

## न्यूज ब्रीफ

### नौ से शुरू होगा चोटी वाले मियां का उर्स

**बदायूं, अमृत विचार** : शहर के मोहल्ला वेदो टोला में चक्कर की सड़क स्थित हजरत शाह नसीरउद्दीन हुसैन हसनी हुसैनी रहमतुल्लाह अलैह चोटी वाले मियां का उर्स 9 फरवरी से शुरू होगा। 13 फरवरी की शाम नमाज के बाद मोहल्ला फरशोरी टोला में शाहिद हुसैन, साजिद हुसैन नसीरी के घर से चादर दरगाह जाएगी। 14 फरवरी की सुबह कुल शरीफ की रस्म अदा होगी। उर्स में शहर के अलावा दूर दराज से आए अकीदतमंद शामिल होंगे। यह जानकारी दरगाह के मुरीद राशिद हुसैन नसीरी, सालिम हुसैन नसीरी, मोहम्मद अरशद नसीरी, बीलम मियां ने दी है।

### बिजली कनेक्शन काटने पर टीम से हाथापाई

**म्याऊं, अमृत विचार** : विकास क्षेत्र म्याऊं के गांव सुनेसर में तीन फरवरी को राजस्व वसूली के लिए गई बिजली विभाग की टीम से एक युवक ने गाली-गलौज और हाथापाई की। टीम ने गांव निवासी तेजराम पर बिल बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया था। जिसके चलते वह उग्र हो गया। टीम ने डायल 112 पुलिस को सूचना देकर बुलाया लेकिन तब तक आरोपी भाग गया। टीम की ओर से आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई है। टीम में सुधीश कुमार, अमित कुमार, विमलेश कुमार और इबिडामल रहे। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का भुगतान समय पर करें और विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ सहयोग करें।

### बंद मकान से नगदी समेत लाखों की चोरी

**बदायूं, अमृत विचार** : चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाया और नगदी समेत लाखों की चोरी कर ली। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की बाबा कॉलोनी निवासी शिवांगी गुप्ता 29 जनवरी की शाम परिवार के साथ अपनी बहन के घर बिल्सी गई थीं। अगले दिन घर पर दूधिया पहुंचा। आवाज लगाने के बाद भी भीतर से कोई निकलकर नहीं आया तो दूधिया ने फोन किया। उन्होंने कहा कि वह बिल्सी हैं। दूधिया ने कहा कि उनके घर का दरवाजा खुला है। उनके कहने पर दूधिया घर में गया तो सामान बिखरा पड़ा था। शिवांगी घर पहुंची तो चोरी की जानकारी हुई। उनके अनुसार चोर सोने की पांच अंगूठियां व कुंडल, हीरे की एक अंगूठी, 18 हजार रुपये चोरी करके ले गए।

# इग्नू में प्रवेश को आवेदन की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ी

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र में जनवरी 2026 सत्र में हो रहे ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी गई है। केंद्र समन्वयक डॉ. संजीव राठौर ने बताया है कि भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत इग्नू के बहुआयामी पाठ्यक्रमों का लाभ ऑनलाइन प्राप्त किया जा सकता है।

कहा कि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के लिए इग्नू की वेबसाइट पर लॉगिन करें। इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़ कोड 47 के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय बदायूं स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के कोड 47043 पर आवेदन करें। इग्नू अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में बीए और बीकॉम पाठ्यक्रमों सहित दो साल की अवधि के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हिंदी, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, एमकॉम, ग्राम विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। एक वर्षीय अवधि के रोजगार परक स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पीजीडीआरडी, पीजीडीटी, पीजीडीईटी, पीजीडीईएमए, पीजीडीआईबीओ, एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम डीबीपीओएफए और छह माह अवधि के बहुआयामी सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम सीटीई, सीबीएस, सीआरडी, सीआजी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## दो माह बाद शुरू हुए मांगलिक कार्य, बारात घर और गेस्ट हाउस सजकर तैयार

# बजने लगी शहनाई, बाजार पर चढ़ा सहालग का रंग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- खरीदारी को लेकर बाजार में बढ़ गई चहल-पहल
- कपड़े से लेकर बैंडबाजा, टैंट की दुकानें भी सजीं

**अमृत विचार**: जिले में मांगलिक कार्य की शुरुआत हो गई हैं। दो माह के अंतराल के बाद शुरू हुए मांगलिक कार्यों का शुभ मुहूर्त शुरू होते ही शहनाई की गूंज सुनाई देने लगी है। वहीं बाजारों में दुकानों पर खरीदारी को लेकर हलचल तेज हो गई है। बारात घर, मैरिज लॉन में सजावट देखी जा रही है। साथ ही ब्यूटी पार्लर में भी रौनक दिखाई देने लगी है।

हर बार मकर संक्रांति के बाद से मांगलिक कार्य शुरू हो जाते थे। लेकिन बार मांगलिक कार्य चार फरवरी से शुरू हुए हैं। जिन घरों में शादी समारोह का आयोजन होना है।



मांगलिक रस्म।

उन घरों में पहले से ही तैयारी चल रही थी। बारातघर, मैरिज लॉन और होटल पहले से ही बुक किए जा चुके थे। वहीं ब्यूटी पार्लर, बैंड-बाजा, कैटरिंग और फोटोग्राफी को पहले ही ऑर्डर दिए जा चुके थे। बाजार में हलचल काफी बढ़ गई है। बुधवार को बाजार में दुकानों पर अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ भाड़ दिखाई दी। लोग कपड़ा, जूता- चप्पल और कॉस्मेटिक की दुकानों से खरीदारी करते हुए दिखाई दिए। ठंड की वजह से मंदी से गुजर रहे कारोबारी भी ग्राहकों की भीड़ देखकर खुश दिखाई दिए। व्यापारियों का कहना है कि लंबे अंतराल के बाद शुरू हुए सहागल के दौरान कारोबार में तेजी आएगी और मंदी का असर कुछ हद तक कम होगा। कपड़ा व्यापारी सोनू मिनोचा ने बताया कि सहालग शुरू हो गए हैं। कई दिनों से बाजार में मंदी का दौर था। अब ग्राहक आने लगे हैं। शादी का सीजन शुरू होने से शेरवानी लहंगा की मांग अधिक है। बताया कि दुकान में चार हजार से लेकर 40 हजार तक के लहंगा व शेरवानी मौजूद है। जिसे लोग पसंद भी कर रहे है।

### मैरिज लॉन की हो चुकी है एडवांस बुकिंग

शहर में 40 से अधिक मैरिज लॉन, गेस्ट हाउस हैं। सहालग शुरू होने से पूर्व ही इनमें रंग रोगन, सजावट आदि का काम चल रहा था। सहालग में शुभ मुहूर्त पर होने वाले कार्य की वजह से यह इन सभी के पास आर्डर हैं। बुधवार को 20 से अधिक मैरिज लॉन में शहनाई की गूंज सुनाई दी।

## हमला करने के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार** : थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव ग्योति में खाने-पीने के लिए रुपये न देने पर कुछ लोगों ने वासुदेव और उनके भांजे सर्वेश पर हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान अस्पताल में वासुदेव की दो फरवरी को मौत हो गई थी। छह हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बुधवार को थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र ने आरोपी राजेंद्र पुत्र फकीरे और अशोक पुत्र शिव दयाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं हजरतपुर पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी करने के आरोपी बरेली के थाना विशारतगंज क्षेत्र के गांव दसीपुर निवासी दयाराम पुत्र चुन्नी लाल को भी गिरफ्तार किया है।

# पेट्रोल पंपों पर चल रहा घटतौली का खेल

## वाहन की टंकी में नोजिल लगाते ही जम्प मार रहा मीटर, वाहन में कितना तेल पड़ा यह नहीं समझ पाते ग्राहक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार**: शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पेट्रोल पंपों पर घटतौली की शिकायत प्रशासन और बाट माप विभाग के पास पहुंच रही हैं। पंप संचालक उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। मशीनों की डिस्प्ले पर न डेंसिटी प्रदर्शित हो रही हैं और न फिल्टर पेपर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके कारण उपभोक्ताओं की जेब कटने के साथ ही शुद्धता का पता चल पा रहा है। इसको लेकर फ्यूल भरवाने आने वाले वाहन स्वामियों की पंप कर्मचारियों से नोकझोंक तक जा रही है। इसके बाद भी सुधार नहीं हो रहा है।

वाहन स्वामियों को जानकारी ही नहीं है कि उनके वाहन में डाला जा रहा डीजल पेट्रोल का घनत्व कितना हैं। पेट्रोल की जांच के लिए मुक्त में मिलने वाली फिल्टर पेपर की जानकारी हैं। अगर कोई ग्राहक जानकारी भी रखता है तो मांगे जाने पर फिल्टर पेपर उपलब्ध नहीं कराया जाता है। पंप कर्मचारियों के द्वारा ग्राहकों के साथ गलत व्यवहार किया जाता हैं। मंगलवार की सुबह साढ़े दस बजे रिलायंस पेट्रोल पर पडोआ निवासी शैलेंद्र मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाने आए थे। इस दौरान उनके द्वारा पेट्रोल पंप के कर्मचारी से पेट्रोल के डेंसिटी के बारे में पूछा गया तो कोई जवाब नहीं था। फिल्टर पेपर के बारे में पूछा तो उसकी भी कोई जानकारी नहीं दी गई। इसी दौरान पेट्रोल पंप के मेनेजर से डेंसिटी के बारे में उन्होंने पूछा जिस पर पंप मैनेजर ने बोर्ड पर डेंसिटी लिखी होने की बात कही। मशीन की डिस्प्ले पर डेंसिटी प्रदर्शित होने के बारे में कोई सटीक जवाब नहीं दिया। फिल्टर पेपर मांगा तो थोड़ी देर में उपलब्ध कराने को कहा। लेकिन उपलब्ध नहीं कराया। जिससे पेट्रोल पंप संचालक पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह हाल एक पेट्रोप पंप का नहीं है। अन्य पेट्रोप का है। जहां नियमों को अनदेखा किया जा रहा है।



बाइक सवार से झगड़ता पंप कर्मचारी।

- पंप संचालक कर रहे मनमानी, मशीन की डिस्प्ले पर प्रदर्शित हो रही डेंसिटी

> डेंसिटी मशीन की डिस्प्ले पर प्रदर्शित होती है। अगर किसी पेट्रोल पंप पर डिस्प्ले पर दिखाई नहीं दे रही है तो मशीन खराब हो सकती है। पेट्रोल-डीजल की रसीद पर भी इसकी जानकारी होती है। आईओसीएल के अगर किसी पंप पर डिस्प्ले पर डेंसिटी प्रदर्शित नहीं हो रही है तो उसकी जांच कराई जाएगी। गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई होगी।
>
> **-अक्षत**, आईओसीएल एरिया मैनेजर

> घटतौली की शिकायत पर पेट्रोल पंपों की जांच की गई थी। कहीं भी गड़बड़ी नहीं मिली। नियम के अनुसार फ्यूल डालते समय मशीन की गति के कारण मीटर सात आठ अंक तक जंप मारता है। इसके बाद मशीन सही चलने लगती है। अगर कहीं ऐसा हो रहा है तो उसकी जांच की जाएगी।
>
> **-विनीत पांडेय**, बाट माप अधिकारी

### व्यापारी भी जता चुके हैं आपत्ति

जनवरी माह में उद्योग बंधु की बैठक के दौरान व्यापारियों ने पेट्रोल पंपों पर घटतौली और डेंसिटी प्रदर्शित न होने की शिकायत डीएम से की थी। जिस पर डीएम ने बाट माप अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को पेट्रोल पंप की जांच के आदेश दिए थे। लेकिन आज तक पंपों की जांच नहीं हो सकी।

### क्या है डेंसिटी

बाट माप अधिकारी ने बताया कि डेंसिटी का सीधा संबंध पेट्रोल या डीजल की शुद्धता से होता है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल की शुद्धता के लिए इसके मानक तय किए हैं। लेकिन इस मानक में छेड़खानी कर पेट्रोल पंप पर आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। खराब क्वालिटी वाला पेट्रोल आपकी गाड़ी को नुकसान पहुंचाता है। डेंसिटी मशीन की डिस्प्ले पर प्रदर्शित होती है। जिससे हर ग्राहक को जानने का अधिकार है।

### ऐसे चेक करें डेंसिटी

ट्रोल की डेंसिटी चेक करने का तरीका बाट माप अधिकारी ने बताया कि पेट्रोल की डेंसिटी मशीन की डिस्प्ले पर दिखती है। पेट्रोल-डीजल की रसीद पर भी इसकी जानकारी होती है। इसके अलावा फिल्टर पेपर की मदद से डेंसिटी चेक की जा सकी है। फिल्टर पेपर पर पेट्रोल की दो बूंद डाले। 2 मिनट में पेट्रोल उड़ जाएगा। अगर सूखने के बाद पेपर पर गहरे रंग का दाग दिखे तो समझ जाएं कि पेट्रोल मिलावट है।

### सरकार ने तय कर रखी है डेंसिटी

सरकार ने पेट्रोल-डीजल की डेंसिटी तय कर रखी है। अगर इसमें किसी भी तरह की मिलावट हो जाए तो प्रोडक्ट की क्वालिटी गिर जाती है। पेट्रोल की शुद्धता डेंसिटी 730 से 800 किलोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है तो वहीं डीजल की शुद्धता डेंसिटी 830 से 900 किलोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। हालांकि तापमान में बदलाव के कारण इसके आंकड़े फिक्स नहीं है। ये ऊपर-नीचे होते रहते हैं। रोज सुबह पेट्रोल-डीजल की कीमत के साथ उसकी डेंसिटी भी अपडेट की जाती है। अगर पेट्रोल पंप पर तय रेंज से डेंसिटी नीचे या ऊपर है तो समझ जाइए कि इसमें मिलावट हुई है।

# हिस्ट्रीशीटर के भाई को गोली मारी, अफरा-तफरी

संवाददाता, बिसौली

- बुधवार रात बाइक से जाते समय युवक को मारी गई थी गोली

**अमृत विचार** : कोतवाली बिसौली क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते बुधवार रात एक युवक को गोली मार दी गई। युवक के कंधे के पास गोली के छर्रे लगे। उसे बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं दूसरे पक्ष ने इसे साजिश बताया है।

मामला बिसौली क्षेत्र के गांव मई का है। जहां मुन्ना लाल उर्फ मुन्ना सरदार का अपने ही परिवार के लोगों के साथ विवाद चल रहा है। बुधवार रात उनका बेटा देवेंद्र मौर्य उर्फ कोटा बाइक से जा रहा था। रास्ते में गांव बसई के पास किसी ने देवेंद्र को गोली मार दी। वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग पहुंचे। घायल के परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। घायल के परिजनों ने दूसरे पक्ष पर आरोप लगाया वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि वह अपने परिचित के यहां से दावत खाकर लौटे। गांव में पुलिस पहुंची तो गोली चलने की जानकारी हुई। बताया जा रहा है कि तकरीबन एक साल पहले दूसरे पक्ष के युवक के मुन्ना सरदार ने भाला से वार किया था। जिसका मामला दर्ज हुआ था। जिससे आरोपी जेल में है। इसी तरह के एक मामले में गुरुवार को मुन्ना लाल के घर की कुर्की होने को थी। वह हिस्ट्रीशीटर भी है।

### पैर ठीक करने को हकीम ने लिए रुपये, बाद में की मारपीट

**ओरछी, अमृत विचार** : फैजगंज बेहटा कस्बा के एक हकीम ने इलाज के नाम पर एक महिला से हजारों रुपये ठग लिए। रुपये वापस मांगने पर महिला और उसके पति से मारपीट की। उनका मोबाइल फोन छीन लिया। गांव सिसरका निवासी नसीमा पत्नी गुड्डू का कुछ दिन पहले पैर टूट गया था। इलाज के लिए वह हकीम के पास पहुंची। पैर ठीक करने की गांरटी ली। 20 हजार रुपये में ठेका लिया। रुपये देने के बाद भी पैर में सुधार नहीं हुआ। मंगलवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे नसीमा अपने पति के साथ हकीम के पास पहुंची। मांगने पर भी उसने रुपये नहीं दिए और गुस्सा गया। गाली-गलौज शुरू हो गई। कुछ देर के बाद मारपीट होने लगी। हकीम और उसके साथियों ने नसीमा के पति को बुरी तरह से पीटा। वह लहूलुहान हो गए।

# शुगर और बीपी से आंखों का पर्दा हो रहा कमजोर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मायोपिया के शिकार होते जा रहे हैं बच्चे और युवा
- जिला अस्पताल में अचंभित कर रही आंखों के मरीजों की संख्या

**अमृत विचार** : बढ़ता हुआ ब्लड प्रेशर और शुगर की समस्या से जूझ रहे लोग अब आंखों की रोशनी से भी परेशान हो रहे हैं। बीपी और शुगर लोगों के आंखों की रोशनी कम कर रही है। आंखों के परदे कमजोर हो रहे हैं। जिससे नेत्र रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

जिला अस्पताल स्थित नेत्र विभाग में नेत्र रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। स्वस्थ लोगों की शिकायत है कि उनकी आंखों की रोशनी काफी तेजी से कम हो रही है। जिन्हें दवा देकर ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। नेत्र चिकित्सा की माने तो शुगर और बीपी के मरीजों की आंखों के परदे में छेद हो रहे हैं जिससे उनकी आंख की रोशनी कम होने लगी है। रेटीना की समस्या से जूझ रहे मरीजों को मायोपिया हो रहा है जिससे उन्हें बड़े नंबर का चश्मा लगाना पड़ रहा है।



लाइन में लगे नेत्र रोगी। ● अमृत विचार

नेत्र चिकित्सक पीयूष मोहन अग्रवाल ने बताया कि जिन लोगों की आंखों के परदे में छेद होता है उन्हें बरेली या अलीगढ़ को रेफर किया जाता है। यहां पर रेटिना रोगियों का उपचार या ऑपरेशन की सुविधा नहीं है। इसलिए ऐसे मरीजों को तुरंत बाहर जाकर ऑपरेशन की सलाह दी जाती है। कहा कि देर होने पर परदे का छेद बड़ा हो जाता है जिससे उसका उपचार होना संभव नहीं रहता है। बताया कि मायोपिया यानी मोटे लेंस लगाना होता है। मोटे लेंस लगाने वालों की नजर दिनों दिन कम होती जाती है।

नेत्र चिकित्सकों का कहना है कि बीपी और शुगर के मरीजों को अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे उनका बीपी और शुगर कंट्रोल में रहे जिससे आंख पर अधिक दबाव न पड़े। अधिक दबाव पड़ने पर ही आंख के परदे में छेद बन जाता है जिसका ऑपरेशन ही करना पड़ता है।

### दो महीने में हुए मोतियाबिंद के 6 सौ ऑपरेशन

जिला अस्पताल स्थित नेत्र विभाग के अनुसार दिसंबर से जनवरी महीने तक करीब छह सौ मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन किए गए हैं। मोतियाबिंद के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बताया कि जिला अस्पताल में इतने ऑपरेशन किए गए हैं जबकि निजी अस्पतालों में इनकी संख्या और अधिक हो सकती है। यहां पर केवल गांव का गरीब मरीज ही आता है जबकि बड़े लोग प्राइवेट अस्पतालों में ऑपरेशन कराते हैं।

# अस्पताल से डेढ़ सौ गज दूर बनेगी अत्याधुनिक लैब





राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल भवन। ● अमृत विचार



नई पैथोलॉजी लैब। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार** : स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य पर जगह की कमी के चलते एक अत्याधुनिक पैथोलॉजी लैब 150 गज दूरी पर पुराने अस्पताल की खाली पड़ी जमीन पर बनायी जाएगी। जिसमें करीब 40 से 50 लाख का खर्चा होने का अनुमान है।

इसके लिए बहुत सी मशीनें आ चुकी हैं और अभी आने वाली हैं। लोगों का कहना है कि उचित होता कि ये लैब संचालित अस्पताल की छत के नीचे ही बनती। दूर और बहुत भारी ट्रैफिक के बीच से जांच हेतु मरीजों को जाने में इससे परेशानी होगी। हाई वे को पार करने में जोखिम भी होगा।

इस समस्या से यहां के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रहे और वर्तमान में डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन भली भांति अवगत थे, इसीलिए उन्होंने पूर्व में प्रस्तावित इसके प्रपोज़ल पर रोक लगा दी थी।

कार्यदायी संस्था को इसके लिए मिले बजट को सरकार को लौटाना पड़ा था, कमिश्नरी से भी ये दवाब था कि अनेक बीपीएचयू (ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट) जब बनाई जा चुकीं हैं तो बिसौली का कार्य लंबित क्यों हैं? इसके लिए तीन बार सर्वे भी हो चुका था और अंततः अस्पताल परिसर में इसके लिए पर्याप्त जगह न होने के चलते बीपीएचयू लैब हेतु सड़क पार दूर स्थान को सुनिश्चित करना पड़ा। तो क्या नजदीक में कोई विकल्प था? केवल एक दीवार की दूरी पर, आवकारी और तहसील विभाग की खाली पड़ी भूमि इसके लिए एकदम उपयुक्त थी, विभाग चाहता तो अपनी और आवकारी विभाग की भूमि की अदलाबदली कर इस समस्या का निदान कर सकता था लेकिन इस व्यवस्था को लिखने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों ने कोशिश नहीं की।

**समस्या** | आरटीई के तहत आवेदन शुरू होते ही अभिभावकों की बढ़ी सक्रियता

# आय, जाति प्रमाण पत्र बनवाने को लग रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आवेदन के लिए जाति, आय और सामान्य निवास के लिए पड़ रही आवश्यकता

**अमृत विचार**: आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। इसी के चलते आय, जाति और सामान्य निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जनसेवा केंद्रों पर भीड़ लगी शुरू हो गई है। अन्य दिनों की अपेक्षा अब रोजाना आवेदनों की संख्या 10 से 15 प्रतिशत बढ़ गई है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब और असहाय बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रथम चरण में 16 फरवरी तक आवेदन लिए जाएंगे। जिले में 865 स्कूलों में बच्चों को इस बार प्रवेश मिलेगा। आरटीई के तहत इस बार आवेदन की प्रक्रिया को सख्त किया गया है। आवेदन के दौरान बच्चे के आधार के साथ आय, जाति और सामान्य निवास प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। दो फरवरी से शुरू हुई आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी के बाद दो माह से इंतजार कर रहे अभिभावक सक्रिय हो गए हैं। अपने बच्चे का निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने की चाहत के चलते आय, जाति और सामान्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जनसेवा केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। जिसके चलते जनसेवा केंद्रों पर भीड़ देखी जा रही है।

जनसेवा केंद्र संचालक ओमपाल ने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा आय, जाति और सामान्य निवास प्रमाण पत्र बनवाने वालों की संख्या बढ़ गई है। जहां रोजाना मात्र दस से 15 लोग ही आते थे। अब 30 से 35 लोग रोजाना प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन करने आ रहे हैं।

> आरटीई के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। प्रथम चरण में आवेदन 16 फरवरी तक होंगे। 18 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। चयनित बच्चों 20 फरवरी से प्रवेश होगा। दूसरा चरण 21 फरवरी से 7 मार्च तक चलेगा। जिसकी लॉटरी नौ मार्च को निकाली जाएगी। इस बार प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक पात्र अभिभावक योजना का लाभ उठा सकें।
>
> **-वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

# मौसम साफ होते ही वाहनों का निकला रेला, लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : बुद्धवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा जिससे सड़कों पर वाहनों का रेला दिखाई दिया। वाहनो का रेला निकलने से शहर में जगह जगह जाम की समसया बनी रही। पुलिस लाइन चौराहे से ओवरब्रिज के ऊपर तक जाम से जोग जूझते रहे। दोपहर बाद जाम से लोगों को निजात मिली।

आज सुबह से ही मौसम साफ रहा। धूप से लोगों को कुछ राहत मिली जिससे लोग अपने काम काज को बाहर निकले। वाहनों की भीड़ ने सड़कों पर जाम लगा दिया। साफ मौसम ने लोगों के चेहरों पर चमक बिखेर दी। लेकिन जाम की समस्या ने उन्हे रूला दिया। आज सुबह दस बजे से पुलिस लाइन चौराहे पर वाहनों का रेला निकला। ओवरब्रिज के ऊपर वाहनों के पहिए थम गए। जाम लगाने से वाहन चालक परेशान रहे। ओवरब्रिज से लेकर पुलिस लाइन चौराहे की तीनो सड़कों पर वाहनों की कतार दिखाई दी। जाम में फंसे वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रहे थे। पुलिस लाइन चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती ने दो पहिया वाहनों को मुश्किल में डाल दिया। उधर इंदिरा चौक पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने वाहनो को रोक रोक कर आगे का रास्ता साफ खुलवाया। जिसके बाद जाम से लोगों को निजात मिली।

कलेक्ट्रेट चौराहे से लालपुल तक पूरा रोड जाम से जूझता रहा। सुबह नौ बजे लगा जाम दोपहर तक धीमी गति से चलता रहा। रूक रूक कर बाहन आगे बढ़ते रहे जिससे मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड़ी। हर चौराहे पर जाम की समस्या बनी रही। जाम के चलते रोड पर बड़े वाहनो का गुजरना मुश्किल हो गया। दातागंज चौराहे पर दोपहर तक वाहन जाम में फंसे रहे। शहवाजपुर वाईपास रोड पर एक किमी तक जाम रहा। वाईपास से नवादा तक जाम की स्थिति बनी रही। बरेली और मुरादाबाद जाने वाले बसें जाम में फंसी रहीं। उधर से आने वाली बसों को नवादा चौकी पर ही रोक दिया गया जिसके बाद जाम खुल सका। जाम खुलने के बाद मुरादाबाद से आने वाली बसें रोडवेज तक पहुंचीं।



ओवरब्रिज रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

- ओवरब्रिज से लेकर पुलिस लाइन चौराहे तक आवागमन प्रभावित

### बाजारों में रही भीड़, दुकानदार खुश

शहर के अंदर भी बाजार गुलजार रहे। मौसम साफ होने के कारण गांव देहात के लोगों ने जम कर खरीददारी की। सभी बाजारों में भीड़ रही। पुराना बाजार और सर्राफा बाजार में सड़कों पर दो पहिया वाहनो का गुजरना मुश्किल हो गया। टिकटगंज और बड़े बाजार की सड़को पर सुबह से ही चहल पहल बढ़ गयी। दुकानादारों ने बताया कि आज काफी समय बाद बाजारों में रौनक देखने को मिली है।

## हरदासपुर के युवक की ट्रेन से टकराकर मौत

**बिसौली, अमृत विचार**: बुधवार को पुडुआखेड़ा और दबतोरा रेलवे स्टेशन की बीच हरदासपुर का एक 30 वर्षीय युवक ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

गांव हरदासपुर निवासी महेश मौर्या पुत्र धर्म सिंह रेलवे ट्रैक के दूसरी खेत पर जा रहा था। जिस समय वह ट्रैक पार कर रहा था कि उसी दौरान चम्पारण-सत्याग्रह मेल गाड़ी अचानक आ गई। अचानक ट्रैक पर आई ट्रेन की चपेट में महेश आ गया। उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। महेश अविवाहित था और खेती किसानी का काम करता था। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


# 98 केंद्रों पर होगी यूपी बोर्ड परीक्षा, कापी-पेपर पहुंचे

## राजकीय इंटर कॉलेज स्ट्रॉंग रूम में पुलिस बल तैनात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट के प्रश्न पत्र जिले में पहुंच गए हैं। प्रश्न पत्रों को राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में मजिस्ट्रेट की निगरानी और कड़ी सुरक्षा के बीच रखवाया गया है। प्रश्नपत्रों की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। साथ ही भारी संख्या पुलिस बल तैनात किया गया है।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिए 98 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 67944 परीक्षार्थी बैठेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से प्रश्न पत्र भेज दिए गए हैं। जिले में पहुंचे प्रश्न पत्रों को सिटी मजिस्ट्रेट सुरेंद्र कुमार पाल, जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव की मौजूदगी में राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखवाया गया। प्रश्न पत्रों की 24 घंटे निगरानी सीसीटीवी कैमरों की जा रही है। साथ ही पुलिसकर्मी तैनात करने के साथ ही मजिस्ट्रेट को लगाया गया है। जांच के बाद प्रश्नपत्रों का वितरण 15 फरवरी के बाद शुरू किया जाएगा।

### 10 फरवरी से जिले में होगा कापी वितरण

प्रश्नपत्रों के साथ साथ उत्तर पुस्तिकाएं भी आ गई हैं। इनमें 1.80 लाख हाईस्कूल और शेष इंटरमीडिएट अ श्रेणी की उत्तर पुस्तिकाएं शामिल हैं। उत्तर पुस्तिकाओं का राजकीय इंटर कॉलेज में बने कोठार में रखा गया है। इनका वितरण दस फरवरी से तहसीलवार किया जाएगा।

### तीन लॉक में रखे जाएंगे प्रश्न पत्र

प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए केंद्रों पर कड़े इंतजाम किए गए हैं। केंद्रों पर बने स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्रों को तीन लॉक में रखा जाएगा। जिसकी चाबी स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ बाहरी केंद्र व्यवस्था के साथ केंद्र व्यवस्था के पास रहेगी। उन्हीं की मौजूदगी में प्रश्न पत्रों को खोला जाएगा।

- 4 लाख से अधिक पहुंच चुकी हैं उत्तर पुस्तिकाएं, कोठार में रखी गईं

> प्रश्न पत्र आ गए हैं। प्रश्न पत्रों को राजकीय इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।
> –**लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

## नई सराय के लोगों को नहीं मिल रहे बीएलओ

**बदायूं, अमृत विचार :** नई सराय के लोगों ने तहसीलदार को पत्र देकर अवगत कराया है कि मोहल्ले में तैनात बीएलओ कभी नहीं आता है ओर न ही स्कूल में बने बूथ पर जाता है जिससे मोहल्ले के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वार्ड नं 27 मोहल्ला नई सराय के सभासद पति रफीउद्दीन शेख एवं कांग्रेस पार्टी के ज़िला सचिव अहमद अमजदी के नेतृत्व में बुधवार को एक ज्ञापन तहसीलदार सदर को दिया गया । ज्ञापन में कहा गया कि उनके वार्ड में बूथ संख्या 199 बढ़ाया गया है। जिस के लिए जो बीएलओ नियुक्त की गई है वह उपस्थित नहीं रहती है। वह दूसरे बीएलओ से बात करने को कहती है। इसलिए लोगों को दिक्कत हो रही है। बताया कि तीन बार वोटर कैंप विज्ञानानंद इंटर कालेज में लगाया गया मगर जो एक वूथ 199 बढ़ाया गया है मगर उस पर कोई बीएलओ नहीं आ रही है। ज्ञापन में मांग की गयी है कि उनके वार्ड की बीएलओ को भेजा जाए जिससे लोग एसआईआर के फार्म जमा कर सकें।

# किसान पर गोवंश ने किया हमला, ग्रामीणों का प्रदर्शन



गोवंश को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, म्याऊं

- ग्रामीणों ने प्रधान से की छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की मांग

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र म्याऊं की ग्राम पंचायत जश्मा के ग्रामीण छुट्टा गोवंश से परेशान हैं। कई बार शिकायत करने बाद भी छुट्टा गोवंश की समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। गोवंश को गोशाला में पहुंचाने की मांग की।

ग्राम पंचायत जश्मा में छुट्टा गोवंश का आतंक बढ़ता जा रहा है। जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है और हमले में ग्रामीण घायल हो रहे हैं। किसान रात भर जागकर फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। सोमवार रात खेत पर फसल की रखवाली कर रहे जयपाल पर गोवंश ने हमला कर दिया। वह किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। ग्रामीणों के अनुसार यह गोवंश खेत के अलावा गांव में भी घूमते रहते हैं। अक्सर बच्चे उनके हमले से घायल हो जाते हैं। प्रधान करण सिंह को सूचना देकर निजात की मांग की। प्रधान ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही छुट्टा गोवंश को पकड़ने का इंतजाम कराएंगे। ग्रामीणों ने चेताया कि जल्दी समस्या दूर नहीं हुई तो शिकायत करेंगे। इस दौरान प्रमोद कुमार यादव, जयपाल, महिपाल, चंद्रपाल, हरिश्चंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## लोक अदालत ने निरस्त किया 2.38 लाख रुपये का बिजली बिल

**बदायूं, अमृत विचार :** स्थाई लोक अदालत ने विद्युत विभाग द्वारा जारी 2,38,700 रुपये के बकाया बिल को निरस्त कर दिया। मोहल्ला कल्याण नगर निवासी संजय सक्सेना ने स्थाई लोक अदालत में वाद दायर किया था। उन्होंने 14 जून 2014 को एक दुकान किराए पर ली थी। जिसमें बिजली का कनेक्शन न होने की वजह से 20 सितंबर 2014 को दुकान खाली कर दी। उस पते पर बिजली विभाग से नोटिस प्राप्त हुआ।

जिसमें उनपर बिल बकाया बताया। विभाग ने यह नोटिस उन्हें परेशान करने के लिए भेजा है। उन्होंने विभाग को सूचना भी दी थी कि उन्होंने दुकान खाली कर दी है। दुकान खाली करने तक बिजली विभाग ने कनेक्शन दिया और न ही कोई बिल भेजा था। स्थाई लोक अदालत में दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष इश्तियाक अली, सदस्य राकेश कुमार रस्तोगी व स्वदेश कुमारी ने पाया कि बिजली विभाग यह साबित करने में असमर्थ रहा कि कभी भी दुकान पर मीटर लगाया गया हो और बिल से संबंधित कोई कार्रवाई की गई हो। जिसके चलते पूरा बिल निरस्त किया गया है।

# प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को बांटी टूल किट

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार:** सालारपुर स्थित उद्योग केंद्र पर टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी मंत्री गुलाबो देवी ने लाभार्थियों में टूल किट का वितरण किया। जिसे पाने के बाद लाभार्थी प्रसन्नचित दिखाई दिए। जिला उद्योग केंद्र द्वारा विश्वकर्मा योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत विभिन्न ट्रेडों में पात्र लोगों को प्रशिक्षण दिए जाने के साथ ही टूलकिट का वितरण किया जाता है। बुधवार को उद्योग केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं प्रभारी मंत्री गुलाबो देवी, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, व जिला उपाध्यक्ष शार्तेन्दु पाठक, उपायुक्त आशीष गुप्ता के द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के ट्रेड दर्जी में व ट्रेड धोबी में चयनित लाभार्थियों को टूलकिट वितरण की गई।



लाभार्थी को सिलाई मशीन और किट का भेंट करतीं प्रभारी मंत्री गुलाबो देवी।

# पुल निर्माण को कांग्रेसियों का धरना शुरू



धरने पर संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समरेर के अधूरे पड़े मुढ़ा पुख्ता पुल के निर्माण को लेकर कांग्रेसियों ने पुल के पास धरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने तक धरना जारी रहेगा। कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार दस साल में पुल के दो पिलर तक नहीं बनवा सकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुल निर्माण के लिए धनराशि जारी होने की बात जुमलेबाजी है। सरकार की ओर से अधिकृत आदेश जारी नहीं किया गया है। टेंडर की अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

अगर टेंडर हुआ तो अधिसूचना जारी होनी चाहिए। रामगंगा की बाढ़ में पुल का एप्रोच मार्ग कट जाने से समरेर, दातागंज के लोगों को फरीदपुर, बरेली जाने में बहुत घूमकर जाना पड़ता है। इसके अलावा कहा कि दातागंज क्षेत्र में चीनी मिल बनाई जाए। भूमिहीन किसानों को जमीन आवंटित की जाए।

किसानों को जमीन का पट्टा दिलाने को कांग्रेस संघर्ष करेगी। कांग्रेस जिला महासचिव सत्यम यादव, गिरीश चंद्र, दातागंज विधानसभा प्रभारी कुंवरपाल सिंह, अधिवक्ता वेद प्रकाश, विजय बहादुर, अभिषेक यादव, ओमवीर, अनूप यादव, नवनीत यादव, उमेश यादव, किशनलाल आदि मौजूद रहे।

# छुट्टा गोवंश को संरक्षित नहीं कर रहा पशुपालन विभाग

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर बिनावर थाना के प्रांगण में बैठक की। संगठन के तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि बिजली विभाग किसानों से गलत तरीके से बिल की वसूली करता है। अधिकारी और कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। वर्ना विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पशुपालन विभाग छुट्टा गोवंश को संरक्षित नहीं कर रहा है। जिससे छुट्टा गोवंश किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गोवंश के हमले में किसानों की मौत हो रही हैं। इस मौके पर भगवान दास, पप्पू सैफी, कलन मियां, अजय पाल सिंह, कृष्णपाल सिंह, कैसर अली आदि उपस्थित रहे।



थाना परिसर में बैठक करते भाकियू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

- एडीएम न्यायिक कल्पना जायसवाल ने रवाना किया वाहन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जनपद के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करने के लिए कृषि विभाग ने प्रसार वाहनों का संचालन किया है। इन वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर से बुधवार को एडीएम न्यायिक कल्पना जायसवाल और डीडी एग्रीकल्चर मनोज कुमार तथा जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीडी एग्रीकल्चर ने बताया कि कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद की प्रत्येक तहसील हेतु कुल 05 प्रचार वाहनों का संचालन किया है। इनके माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री से सम्बन्धित साहित्य कृषकों को वितरण किया जाएगा। प्रचार वाहनों में उपस्थित नामित नोडल कार्मिकों द्वारा जनपद के ग्रामों में प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है तथा मौके पर जागरूक कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री भी की जा रही है ।



जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा रवाना करतीं एडीएम न्यायिक।

## ब्रेन हेमरेज से संग्रह अमीन की मृत्यु

**बिसौली, अमृत विचार:** तहसील में करीब 25 वर्षों से तैनात संग्रह अमीन अंकित मिश्रा ( 47 ) पुत्र स्वर्गीय अखिलेश मिश्रा का बुधवार को उच्च रक्तचाप के चलते ब्रेन हेमरेज हो गया। अंकित लम्बे समय से उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे, उनका हाल ही में कानूनगो पद के लिए पदोन्नति की बात विभाग ने बताई। लेकिन यहां से रिलीव न होने के कारण वो कानूनगो के पद पर आसीन नहीं हो पाए। अंकित को अमीन का पदभार इनके पिता की समकक्ष पद पर सेवाकाल में मृत्यु होने के कारण मिला था।



संग्रह अमीन।

# वेंट्स हाउस ने इग्निस हाउस को हराया

- लॉर्ड कृष्णा स्कूल में बने बास्केटबॉल कोर्ट का हुआ आरंभ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में नवनिर्मित बास्केटबॉल कोर्ट के आरंभ के साथ लक्ष्य-02 स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अमित रिछारिया, विद्यालय संस्थापक वेदव्रत त्रिवेदी ने फीता काटकर आरंभ किया। उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ स्पोर्ट्स मीट कराई गई।

सबसे पहले बालक वर्ग में इग्निस हाउस और वेंट्स हाउस के बीच मैच हुआ। जिसमें वेंट्स हाउस विजयी रहा। जिसके बाद बालिका वर्ग में एक्वा हाउस और टेरा हाउस के बीच हुए मुकाबले में टेरा हाउस विजयी रहा। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास के साथ उनमें अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। विद्यालय के सह-संस्थापक तेजस्व त्रिवेदी, निदेशक छवि शर्मा व रीता शर्मा, शैक्षिक निदेशक देवव्रत त्रिवेदी, प्रधानाचार्य दीपक त्यागी आदि उपस्थित रहे।



बास्केटबॉल के मैच में खिलाड़ी से बॉल छीनने का प्रयास करती टीम। ● अमृत विचार

# बिसौली की चीनी मिल बंद, आज क्रय केंद्र स्थापित करेंगी आवंटित चीनी मिलें

- गन्ना वाले क्षेत्रों में बनाए जाएंगे दो दर्जन गन्ना क्रय केंद्र
- जिला गन्ना अधिकारी करेंगे निरीक्षण, घटतौली पर रहेगी नजर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिसौली चीनी मिल बंद हो जाने के बाद उसके किसानों का शेष गन्ना अब दूसरी चीनी मिलों को दे दिया गया है। उक्त सभी चीनी मिलें गुरुवार को कांटा लगा कर गन्ने की खरीद शुरू कर देंगी। गन्ना विभाग ने घटतौली रोकने को टीमें गठित की हैं।

बिसौली की यदु शुगर मिल गन्ने के अभाव में 27 जनवरी को बंद कर दी गयी। लेकिन मिल के किसानों के पास लाखों क्विंटल गन्ना अभी खेतों में खड़ा है। उक्त गन्ना अब शासन के निर्देश पर दूसरी चीनी मिलों को आवंटित किया गया है। जिन चीनी मिलों को गन्ना दिया जाएगा उन्ही चीनी मिलों के क्रय केंद्र गन्ना वाले क्षेत्रों में खोले जाएंगे।

जिला गन्ना विभाग की ओर से निर्देशित किया गया है कि 5 फरवरी तक सभी दो दर्जन गन्ना क्रय केंद्र खोल दिए जाएंगे उन पर तौल को कांटा भी लगा दिया जाएगा। जिससे गन्ना किसान अपना गन्ना उक्त चीनी मिलों को बेच सकें। जनपद की शेखूपुर चीनी मिल का जनपद में कोई क्रय केंद्र नहीं है। उसको आवंटित गन्ना मिल गेट पर ही पहुंचाना होगा। शेखूपुर मिल प्रबंधन को इसकी सूचना दे दी गयी है जिससे मिल द्वारा गन्ना किसानों को अतिरिक्त गन्ना खरीदने को कहा गया है। दो क्रय केंद्रों खोले जाएंगे। सहकारी चीनी मिल शेखूपुर द्वारा अतिरिक्त व्यवस्था की गयी है। इसकी पुष्टि स्वयं मिल प्रबंधन ने की है।



शेखूपुर चीनी मिल पर विरोध प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

> चीनी मिल में गन्ने की तौल लगातार हो रही है। पूर्णिमा के मौके पर कुछ देर के लिए तौल रोकी गयी थी उसी समय किसानों की संख्या अचानक बढ़ गयी जिसके बाद किसानों ने इस तरह के आरोप लगाने शुरू कर दिए। अब तौल तेजी से हो रही है। किसी तरह की दिक्कत नहीं है।
> –**मणि अरोड़ा**, जीएम चीनी मिल शेखूपुर

### शेखूपुर चीनी मिल पर तौल बंद, किसान परेशान

**विजय नगला, अमृत विचार :** सहकारी किसान चीनी मिल शेखूपुर में गन्ना तौल बंद होने से गुस्साए किसानों ने बुधवार को चीनी मिल प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि वह पांच दिन से ट्रैक्टर ट्राली लेकर यहां पर खड़े हैं लेकिन गन्ने की तौल नहीं की जा रही है। गन्ना किसान गफ्फार, मानव सक्सेना, विनोद पटेल, नीरज कुमार राजू, छत्रपाल ,महाराज सिंह, आदेश, अजयपाल, राजवेंद्र, आजाद अजीत सिंह मुन्ना लाल, प्रेमपाल, कैलाश, अनेक पाल, प्यारेलाल, महेंद्रसिंह,विपिन, आदि ने नारेबाजी करते हुए बताया कि चीनी मिल शेखूपुर पर 5 दिन से तौल नहीं हो रही है। जिसके कारण क्षेत्र के दर्जन भर गांव के किसान लगभग 500 ट्रैक्टर ट्रालियों में गन्ना भरकर मिल गेट पर खड़े हैं। किसानों ने बताया अगर जल्द गन्ने की तौल शुरू नहीं हुई तो उनको गन्ने की फसल लगाने में परेशानी होगी। डीएम से गन्ने की तौल कराने की मांग की। तौल जल्द शुरू न हो पर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया जाएगा।

### बिसौली मिल का 4 लाख क्विंटल गन्ना खेतों में

जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बुधवार को बताया कि बिसौली चीनी मिल का करीब चार लाख क्विंटल गन्ना अभी किसानों के खेतों में खड़ा है। अब उक्त गन्ना दूसरी चीनी मिलों को दिया जाएगा। जिससे किसान बिचौलियों से बच सकेंगे। बताया कि जिन इलाकों में किसानों का गन्ना शेष है उन्ही इलाकों में गन्ना क्रय केंद्र बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे स्थानीय किसाना वहीं पर गन्ने की तौल करा सकें। उन्होंने बताया कि क्रय केंद्र पर घटतौली रोकने को विभाग ने चार सदस्यीय टीम गठित की है जो गन्ना क्रय केंद्रों पर आकस्मिक छापेमारी करेगी। गन्ना किसानों से उनकी समस्याएं जानेगी जिससे उनकी समस्याओं का समय पर निस्तारण किया जा सके। गन्ना विभाग के सर्वे में पता चला है कि गुलड़िया, लखनपुर, आमगांव सहित करीब बीस गांवों में किसानों का गन्ना खेतों में खड़ा है।

## छात्रों को दी कुष्ठ रोग की जानकारी बताए लक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** बुधवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत भगवान परशुराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉक्टर सुधीर कुमार गुप्ता ने अपनी टीम के साथ प्रचार सामग्री बांटी। कुष्ठ रोग के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ के दाग धब्बों में सुन्नपन होता है । खुजली नहीं होती है पसीना नहीं आता, कान पर गांठे होना तथा नाक का बैठ जाना आदि लक्षण मिलते हैं । एमडीटी खाने से रोगी पूर्णतया ठीक हो जाता है । यदि व्यक्ति समय से इलाज ले लेता है तो विकलांगता से बच जाता है । उसका इलाज एमडीटी है जो सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर निशुल्क उपलब्ध है । कोई भी कुष्ठ रोगी से भेदभाव न करें इसके लिए सभी को शपथ दिलाई । गोष्ठी में डॉक्टर सुधीर कुमार गुप्ता एवं एनएमए मानवीर ने शपथ दिलायी।

## न्यूज ब्रीफ

### 9 और 16 फरवरी को लगेंगे लघु विधिक सहायता शिविर

**बदायूं, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 22 फरवरी वृहद विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उससे पूर्व नौ और 16 फरवरी को लघु विधिक सहायता शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा।

### आज होगा वन बेहटा में देवी जागरण

**बिल्सी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत वन बेहटा स्थित ग्राम देवी मंदिर में गुरुवार को सुबह 9 बजे हवन व दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। रात्रि को भव्य देवी जागरण का आयोजन होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में श्री अम्बे जागरण मण्डल राजू सांवरिया एण्ड पार्टी द्वारा भजन, प्रसिद्ध गायकों की प्रस्तुतियां होंगी।

# तीन सौ से अधिक कर्मचारी अधिकारियों का रोका वेतन

## ई-ऑफिस पोर्टल पर काम न करने पर सीडीओ के द्वारा की गई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **अफसर-कर्मचारियों ने एक माह से नहीं किया ई-ऑफिस लॉगिन**
- **जिले के सभी विभागों में शासन के आदेश पर लागू हो चुकी है ई-ऑफिस प्रणाली**

**अमृत विचारः** जिले के सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू हो चुकी है। इस व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनाने के प्रशासनिक प्रयासों के बाद भी कर्मचारी और अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। डीएम और सीडीओ के स्तर की गई समीक्षा के दौरान पाया गया कि तीन सौ से अधिक अधिकारी और कर्मचारी ऐसे हैं जिन्होंने एक माह के दौरान एक बार भी ई-ऑफिस में लागिंन कर ऑनलाइन पत्रावलियों का संचालन नहीं किया। जबकि डीएम के स्तर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी पत्रावलियों का ई-ऑफिस के माध्यम से ही संचालन किया जाए। ऐसे स्थिति पर डीएम के आदेश पर सीडीओ ने इन सभी कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगा दी है।

जिले के अलग-अलग विभागों में साढ़े छह सौ से अधिक ई-ऑफिस लॉगिन बनाए गए हैं। हाल के दिनों में डीएम अवनीश कुमार राय और सीडीओ केशव कुमार के द्वारा ई-ऑफिस को लेकर समीक्षा की गई। जिसमें सामने आया कि तीन सौ से अधिक लॉगिन निष्क्रिय रहे हैं। इन लॉगिन के द्वारा एक भी पत्रावली का मूमेंट नहीं किया गया। ई-ऑफिस लॉगिन न किए जाने की वजह से कार्य प्रभावित हुए। साथ ही डिजिटल कार्य प्रणाली को भी भारी नुकसान पहुंचा। डीएम, सीडीओ के स्तर से की गई समीक्षा के दौरान पता चला कि बेसिक शिक्षा, जिला कार्यक्रम, पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग सिंचाई विभाग, विकास भवन तथा ब्लाक स्तर के कर्मचारियों में लापरवाही रही है।

जबकि ई-ऑफिस का उद्देश्य फाइलों के निस्तारण में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, लेकिन कई विभागों में पुराने तरीके से काम करने की प्रवृत्ति बनी हुई है। ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर शासन पहले से गंभीर है। इसी गंभीरता के चलते ई-ऑफिस संचालित नहीं करने पर कर्मचारियों और अधिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश पूर्व से ही लागू किया गया है। साथ ही ई-ऑफिस का अनुपालन अनिवार्य रूप से करने के आदेश भी हैं। इसके बाद भी कर्मचारियों और अधिकारियों के द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।

> ई-ऑफिस की लॉगिन आईडी पर काम करने की अनिवार्यता है। जिससे कार्यों का समय से निष्पादन हो सके। साथ ही शासन स्तर की डिजिटल इंडिया की पहल का उद्देश्य पूरा हो सके। लेकिन इसमें लापरवाही बरती जा रही है। कर्मचारियों और अधिकारियों के स्तर से ई-ऑफिस को लॉगिन नहीं किया गया। जिसके चलते वेतन रोका गया है। आदेश दिए गए हैं कि तत्काल प्रभाव से ई-ऑफिस का नियमित उपयोग सुनिश्चित करें।
>
> **-अखिलेश चौबे**, जिला विकास अधिकारी

### युवक की हालत में सुधार, पत्नी ने ससुर व देवर पर लिखाई रिपोर्ट

**वजीरगंज, अमृत विचार :** पत्नी की वजह से आत्मदाह करने का प्रयास करने वाली युवक की हालत में सुधार है। युवक का पत्नी और एक उपनिरीक्षक पर आरोप लगाने का वीडियो सामने आया है। वहीं युवक की पत्नी ने अपने ससुर और देवर पति को उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

वजीरगंज क्षेत्र कस्बा के वार्ड 10 निवासी मनोज कुमार एमआर हैं। उन्होंने 25 फरवरी 2020 को प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि शादी के दो साल बाद से पत्नी उन्हें परेशान करने लगी। छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होने लगा। पत्नी जूते से पीटते हुए नीले ड्रम में भरने की धमकी देती है। उन्होंने वजीरगंज पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने मामले को फर्जी बताया और कार्रवाई नहीं की। सोमवार देर रात उनका पत्नी के साथ विवाद हो गया था। पत्नी ने उनके साथ मारपीट की। जिसकी वजह से उन्होंने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास किया था।

## अनुपयोगी हुआ सार्वजनिक राजकीय पुस्तकालय




राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिसौली। • अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

- **राजकीय इंटर कालेज में 2014 में बनकर तैयार हुआ था**
- **प्रधानाचार्य बोले कमजोर बिल्डिंग में पुस्तकालय चलाना जोखिम भरा**

**अमृत विचार :** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में एक सार्वजानिक राजकीय पुस्तकालय 2014 में बन कर तैयार हुआ ही था कि कमजोर छत और जर्जर भवन के कारण छात्रों के काम नही आया। जिसके चलते क्षेत्र के छात्र छात्राएं रूपए देकर निजी रूप से चल रहे पुस्तकालयों में पढ़ने को मजबूर हैं।

प्रधानाचार्या ने बताया कि कमजोर बिल्डिंग होने के कारण इसमें पुस्तकालय चलाना जोखिम भरा है इसलिए यहां उपलब्ध पुस्तकों को कॉलेज की छात्राओं की कक्षाओं में उपलब्ध करा देते हैं, लेकिन छात्राओं ने इस विषय पर अनभिज्ञता जाहिर की। कॉलेज प्रशासन द्वारा इस भवन के सौंदर्यीकरण हेतु अनेक बार पत्राचार द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को किया गया है फिर भी वर्षो से स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# अभियान में अगोल के बच्चों की हुई जांच




जागरूकता रैली निकालते बच्चे। • अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- **स्कूल के बच्चों ने गांव में निकली जागरुकता रैली**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम अगौल स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के अंतर्गत बच्चों के शरीर पर सुन्न दाग-धब्बों की जांच की गई।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से यहां पहुंचे भुवनेश कुमार ने बच्चों का परीक्षण कर कुष्ठ रोग के लक्षणों के बारे में जानकारी दी और समय पर पहचान व उपचार के महत्व को समझाया। बच्चों को बताया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से इलाज योग्य है शुरुआती अवस्था में पहचान होने पर इससे होने वाली विकृति से बचा जा सकता है। बच्चों को त्वचा पर सफेद या सुन्न दाग दिखने, झनझनाहट या सुन्नपन महसूस होने पर तुरंत परिजनों को बताने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के बाद विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया और भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया गया।

ग्रामीणों से अपील की गई कि वे कुष्ठ रोग को लेकर डरें नहीं, बल्कि लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बृजेश शर्मा, सहायक अध्यापक मनोज कुमार सक्सेना समेत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### आशा कर्मियों की हड़ताल जारी, अब होगा आंदोलन

**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर जारी हड़ताल बुधवार को 51वें दिन भी जारी रही। आशा कर्मियों ने कहा कि अब सरकार के आगे पूरी शिद्दत के साथ आंदोलन किया जाएगा।

मालवीय आवास गृह पर जारी हड़ताल को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और सरकार के सारे दांव पेंच आपको कमजोर करने में विफल रहे हैं, निश्चय ही जिस तरह आपने बड़ी बड़ी महामारियों को पराजित किया है वैसे ही इस भ्रष्ट और संवेदनहीन सरकार और उसकी नौकरशाही को पराजित करने में कामयाबी मिलेगी। आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस इस आंदोलन में साथ है। हर स्थिति में आपके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। इस मौके पर पुष्पा, कमला देवी, राजरानी, पुष्पवती, सहलाता, कुसुम, आदर्श, रजनी आदि ने विचार रखे।

# अकीदत के साथ मनाई गई शब-ए-बारात



शब-ए-बारात मनाते मुस्लिम समाज के लोग। • अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- **मस्जिदों में रातभर अल्लाह की इबादत करता रहा मुस्लिम समाज**

**अमृत विचार :** नगर में मंगलवार की रात शब-ए-बारात का पर्व पूरी अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों में रात भर अल्लाह की इबादत की और देश में अमन-शांति व खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। कोठी वाली मस्जिद के इमाम मौलाना शाह मोहम्मद ने बताया कि शब-ए-बारात की रात बेहद बरकतों वाली होती है। इस रात की गई इबादत और सच्चे मन से मांगी गई दुआएं अल्लाह जरूर कबूल करते हैं। इस अवसर पर मस्जिदों और कब्रिस्तानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। लोगों ने कब्रिस्तानों पर पहुंचकर फातिहा पढ़ी और अपने पूर्वजों को याद किया। मोहल्ला संख्या आठ स्थित कब्रिस्तान पर रिजवान मलिक द्वारा खीर का लंगर आयोजित किया गया। वहीं ईदगाह कब्रिस्तान में भी भव्य सजावट की गई, जहां देर रात तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना असरारुल हक ने बताया कि इस रात इंसान के कर्मों का हिसाब होता है, इसलिए लोग गुनाहों से तौबा कर अल्लाह से माफी मांगते हैं।

### मोमबत्ती से नूरनगर कौड़िया के घर में लगी आग

**बदायूं, अमृत विचार :** शब ए बारात के दौरान आसफपुर क्षेत्र के गांव नूरनगर कौड़िया निवासी मोहम्मद नवी के घर में आग लग गई। उनका परिवार कब्रिस्तान में रोशनी करने और फातिहा पढ़ने गया था। घर पर फ्रिज के पास जलती हुई मोमबत्ती छोड़ गए थे। मोमबत्ती गिरने से घर के सामान में आग लग गई। जिससे घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर, बाइक और कागजात जलकर राख हो गए। बेटी के निकाह के लिए रखा गया सामान भी जल गया। परिवार ने प्रशासन ने मुआवजा की मांग की है।

# छुट्टा गोवंश विद्यालय में बंद करके किया प्रदर्शन

संवाददाता, वजीरगंज

**अमृत विचार :** छुट्टा गोवंश की वजह से हर कोई परेशान ग्रामीणों ने बुधवार को विकास क्षेत्र वजीरगंज के गांव खुर्रमपुर भमोरी के आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गोवंश को बंद करके प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रधान को बुलाकर गोवंश को गोशाला में भेजा है।

इस गांव के लोगों ने तकरीबन तीन साल पहले भी गोवंश को एकत्र करके प्राथमिक विद्यालय में बंद किया था। उस दौरान तहसील प्रशासन ने गोशाला का निर्माण कराकर समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया था। ग्रामीणों ने गोवंश छोड़ दिए थे। जिसके बाद गांव में गोशाला का निर्माण कराया गया। जिसमें 20-25 गोवंश को रखा गया। जो नाकाफी रहा। जिसके चलते बुधवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया। गोवंश को एकत्र करके विद्यालय में बंद कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि वह गोवंश की वजह से सर्द रात में भी खेत पर फसल की रखवाली करने को मजबूर हैं। कहा कि गांव और आसपास के क्षेत्र में तकरीबन 300 गोवंश का आतंक है। सूचना मिलने पर वजीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों को समझाया। गोवंश को गोशाला में भेजा गया तब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ।



माध्यमिक विद्यालय परिसर में बंद गोवंश।

# दबंगों ने किया सरकारी भूमि पर कब्जा

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचारः** तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव छीतरपुर महरौला में सरकारी भूमि को लेकर तनाव की स्थिति बन गई। बुधवार को दूसरे समुदाय के कुछ दबंग लोगों ने ग्राम समाज की अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित भूमि पर एक बार फिर कब्जा करने की कोशिश की। यह मामला जिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन है।

बताया गया कि 20 दिसंबर 2025 को तहसीलदार न्यायालय के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से अवैध कब्जे की पक्की दीवारों को ध्वस्त कर दिया था। इसके बाद कब्जाधारियों ने उक्त कार्रवाई को चुनौती देते हुए जिलाधिकारी न्यायालय में अपील दाखिल कर दी थी, जो अभी लंबित है। इसके बावजूद बुधवार को दबंगों ने दोबारा कब्जा करने की नीयत से अपना सामान कब्जा मुक्त कराई गई सरकारी भूमि पर लाकर रख दिया, जिससे गांव में तनावपूर्ण हालात हैं। ग्राम प्रधान ने तहसील प्रशासन को सूचना दी। प्रधान का आरोप है कि शिकायत के बाद भी लेखपाल मौके पर नहीं पहुंचे। एसडीएम और तहसीलदार द्वारा भी फोन रिसीव नहीं किया। ग्राम प्रधान ने थाना इस्लामनगर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सरकारी भूमि से सामान हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया। ग्रामीणों का कहना है कि दबंग अभी भी भूमि पर दोबारा कब्जा करने की फिराक में हैं।



दबंगों के द्वारा कब्जा कर तानी गई पन्नी। • अमृत विचार

- **शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम जमीन को करा चुकी है कब्जा मुक्त**

# बच्चों के विवाद में आए बड़े, वीडियो वायरल

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र लगभग रोज ही विवाद के मामले सामने आ रहे हैं। जिनके वीडियो भी वायरल हुए हैं। अब बच्चों की कहासुनी में बड़ों के बीच लाठी-डंडे चले। मौके पर दहशत का माहौल पैदा हो गया।

कस्बा फैजगंज बेहटा से मितरोली मार्ग स्थित कॉलोनी में छोटे बच्चों के बीच कहासुनी हुई। जो देखते ही देखते बड़ों के बीच विवाद में बदल गई। दो गुट आमने-सामने आ गए। जमकर लात-घूंसे, बेल्ट और लाठी-डंडे चले। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही थाना फैजगंज बेहटा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को हिरासत में लिया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया वीडियो वायरल होने पर तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मारपीट का वायरल वीडियो।

**महिला के कुंडल उड़ाए : पीलीभीत, अमृत विचार :** न्यूरिया थाने में दी गई तहरीर में ग्राम गौहर निवासी केशव ने बताया कि उनकी रिश्तेदार ग्राम शिवनगर की धनदेवी पत्नी रामू घर आई थी। दो फरवरी को वह बहन उषा के साथ न्यूरिया बाजार चप्पल लेने गई थी। वापस आते वक्त गौहर गेट के पास एक व्यक्ति धनदेवी के कान के सोने के कुंडल छीनकर भाग गया।

प्रेसवार्ता

**प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने भाजपा कार्यालय पर कहा विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा देश**

# किसान, महिला और युवाओं का भविष्य बनाने वाला है बजट : गुलाब देवी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं




प्रेस वार्ता में जानकारी देतीं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी। साथ में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता व अन्य। • अमृत विचार

- **बजट में किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी गई**
- **ग्रामीण उद्यमिता और कृषि से जुड़े नए अवसर किसानों की आय बढ़ाने में सहायत होंगे**

**अमृत विचार :** केंद्रीय बजट के संबंध में भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री व जिला प्रभारी गुलाब देवी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी, संतुलित और सुधारोन्मुख बजट है। यह बजट केवल घोषणाओं का नहीं, बल्कि ठोस निर्णयों, स्पष्ट कार्ययोजना और जनकल्याण को केंद्र में रखने वाला बजट है।

कहा कि बजट में देश की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, आम नागरिक को विकास का भागीदार बनाने और सबका साथ-सबका विकास के माध्यम से हर वर्ग और हर क्षेत्र तक अवसर पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास को गति दी गई है। राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत रखा गया है। 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से सड़क, रेल, परिवहन, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी ढांचों का विस्तार होगा, जिससे आर्थिक मजबूती के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बजट में किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कृषि क्षेत्र में भारत-विस्तार कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंच के माध्यम से किसानों को फसल, मौसम और बाजार से जुड़ी सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। फसल विविधीकरण, मत्स्य पालन, ग्रामीण उद्यमिता और कृषि से जुड़े नए अवसर किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होंगे। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सस्ती और सुलभ ऋण सुविधा को और मजबूत किया गया है। महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की धुरी के रूप में देखा गया है। स्वयं सहायता समूहों को उद्यमिता से जोड़ने, प्रत्येक जनपद में बालिका छात्रावास की व्यवस्था और शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े प्रावधान महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगे। युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए 15 हजार विद्यालय और 500 महाविद्यालयों एनीमेशन, गेमिंग और वीएफएक्स जैसी आधुनिक तकनीक आधारित प्रयोगशालाएं स्थापित होंगी।

### बजट में हर बिंदु मजबूत

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एमएसएमई विकास कोष बनाया गया है। जिससे कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, चमड़ा और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को भी प्राथमिकता दी गई है। कैंसर और गंभीर बीमारियों में उपयोग होने वाली 36 जीवनरक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट से आम जनता के इलाज का खर्च कम होगा। अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि यह बजट जनकल्याण, विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त और ऐतिहासिक कदम है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शारदेन्दु पाठक, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, अनुभव उपाध्याय उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
हम दोनो पति व पत्नी अपने पुत्र अमित गुप्ता पुत्र वधू प्रिया दोनो के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर संबंध विच्छेद मकान व चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज दिनांक 3 फरवरी 2026 से इनके द्वारा किए गये लेन-देन कृत्यों आदि को लेकर मेरा पुत्र व पुत्रवधू दोनो ही स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **श्रीकृष्ण पुत्र इतवारी व ऊषा पत्नी श्रीकृष्ण ग्राम पंचायत-गढ़िया हरदो पट्टी थाना-उसहैत जिला बदायूं**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र हर्षित को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सोहन पाल पुत्र झाजन मो. 3 तहसील बिल्सी व थाना बिल्सी जिला बदायूं**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र प्रवीन मोहन पाण्डेय को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य व रिश्तेदारों से कोई सरोकार नहीं होगा। **उषा देवी पत्नी स्व. सियाराम शर्मा नि. ग्राम व पो. सोना तहसील आंवला जिला बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अंकुश को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामसिंह पुत्र बलबन्त सिंह शकुन्तला पत्नी राम सिंह निवासी:- ग्राम रिसौली तहसील बिल्सी जिला बदायूं**

**आवश्यकता है**
अनुभवी व्यक्तियों की
- आयुष्मान मित्र
- पी.आर.ओ.(पब्लिक रिलेशन ऑफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर
- सिक्यूरिटी गार्ड
- कुक (रसोइया)/कुक हेल्पर

वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30 बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

**सूचना**
मेरा नाम त्रुटिवश आधार कार्ड में अहरन पुत्र मुलायम सिंह अंकित हो गया है जबकि सही नाम मन्टूरी पुत्र भूपराम है। मुझे सही नाम से जाना पहचाना जाये। **मन्टूरी पुत्र भूपराम, शांति विहार, सुभाष नगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

